हर रोज, नई खोज

www.nayakpath.com

# नायकपथ

* वर्ष 15 * अंक 61, ग्वालियर, शुक्रवार 13 जून 2025, * पृष्ठ 8 * मूल्य 2 रु. MPHIN/2011/38456

# अहमदाबाद में विमान हादसा, 241 यात्रियों की मौत



## उड़ते ही 50 सेंकड में हुआ क्रेश, मेडिकल कॉलेज से टकराया

**-यात्रियों में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और कनाडाई शामिल**
**-पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी का भी निधन**



***क्या बोले जिम्मेदार***

*-पीएम मोदी को स्थिति की जानकारी दी है. जांच दल ( AAIB ) और DGCA सहित सभी एजेंसियां सक्रिय हैं ताकि स्थिति का तेजी से समन्वयपूर्वक समाधान हो सके।*

राम मोहन नायडू किंजरापु
नागरिक उड्डयन मंत्री

**गुरुवार को एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान टेकऑफ के चंद मिनट बाद क्रैश हो गया। 242 सवारों में से 241 की मौत हो गई। हादसे में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और 20 ट्रेनी डॉक्टरों की भी जान गई। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया, जानकारों ने प्रथम दृष्टया घटना पर बर्ड हिट (पक्षी के टकराने) से इंजन फेल होने की आशंका जताई गई।**

**इकलौते बचे यात्री रमेश विश्वास ने होश आने पर लाशों का मंजर बताया। टाटा समूह ने मृतकों के परिवारों को 1 करोड़ मदद का ऐलान किया, जबकि मॉन्ट्रियल कन्वेंशन के तहत 1.4 करोड़ मुआवज़ा नियम अनुसार मिलेगा। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और वैश्विक नेताओं ने संवेदना जताई। हादसे ने विमान की सेफ्टी मंजूरी पर फिर से सवाल खड़े कर दिये है।**

**अहमदाबाद।**

प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी कि प्लेन की सीट नंबर vv-A पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई -171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। समाचार लिखे जाने तक अभी तक मौत के आंकड़ों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

### क्या हुआ हादसे से पहले?

एविएशन एक्सपर्ट्स के अनुसार विमान ने सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सामान्य टेकऑफ किया, लेकिन चंद पलों में ही सब कुछ बदल गया। वरिष्ठ पायलट कैप्टन सौरभ भटनागर के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों इंजन टेकऑफ के समय 'बर्ड हिट' (पक्षी से टकराव) की वजह से फेल हो गए। इंजन की ताकत खत्म होने से विमान ऊंचाई नहीं पकड़ पाया और जमीन की ओर गिरने लगा।

### 20 ट्रेनी डॉक्टरों की मौत की आशंका

बताया जा रहा है कि इस विमान के हॉस्टल का इमारत से टकराने के कारण कम से कम 20 प्रशिक्षुओं की मौत की खबर है। हालांकि, इसको लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच, अहमदाबाद एयरपोर्ट को आज रात 12 बजे तक बंद करने की घोषणा की गई है।

**मप्र के सीएम व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शोक संवेदना व्यक्त की-**मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख जताया।

### पायलट ने आखिरी बार बोला था मेडे मेडे मेडे

एयर ट्रैफिक कंट्रोल को प्लेन क्रैश पहले मेडे मेडे किया गया था। इसके बाद एटीसी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया था और बाद में विमान क्रैश हो गया।

प्लेन क्रैश पहले की गई मेडे मेडे आखिर होती क्या है। आपको बता दें कि मेडे मेडे इमरजेंसी सिग्नल है जिसका अधिक्तर प्रयोग हवाई जहाज और समुद्री जहाजों में जान बचाने के लिए किया जाता है। आपात की स्थिती में लगातार 3 बार मेडे मेडे मेडे बोला जाता है। यह एक फ्रेंच शब्द हैं इसका अर्थ हेल्प मी होता है।



### स्ट्रेचर कम पड़े तो हाथ ठेले से लेकर पहुंचे लोग

हादसे के शिकार लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया जा रहा है। साथ ही शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भी लाया जा रहा है।एम्बुलेंस की कमी आने पर शवों को हाथ ठेलों से भी लाया गया। ज्यादातर शव पूरी तरह जले थे। इधर अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी आ गई है। अस्पताल ने डोनर्स से ब्लड डोनेट करने की अपील की है।

### विमान में भरा था करीब 80 से 90 टन ईंधन

बोइंग 787 ड्रीमलाइनर को एक शक्तिशाली विमान माना जाता है, जो 12-14 घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम है। इसका अर्थ है कि इसमें लगभग 80-90 टन ईंधन था।

### सदमे में दुनिया, अंतर्राष्ट्रीय नेताओं ने जताई संवेदना

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के विमान हादसे पर दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। चीन, जर्मनी, रूस और फ्रांस ने इस दुखद घटना पर भारत के साथ एकजुटता जताई है। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहॉन्ग ने विमान हादसे पर गहरा दुख जताया और कहा कि इस दर्दनाक समय में वह सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने भी दुख जताया।

### शव बुरी तरह झुलसे, डीएनए से होगी पहचान



हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी।

### टाटा ग्रुप देगा प्रत्येक को 1 करोड़

इस दुखद घड़ी में टाटा ग्रुप ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए पीड़ितों के परिवारों की मदद के लिए बड़ी घोषणा की है. टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि टाटा ग्रुप इस त्रासदी में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ की सहायता राशि देगा.

### आसपास की सड़कों पर लाशें बिखरी



आसपास की सड़कों पर लाशें बिखरी दिखीं। जले शवों को पहचानना तक मुश्किल हो रहा है। कुछ लोग सड़क पर पड़े एक महिला के कटे सिर का वीडियो बनाते दिखे।

### क्या एक बार फिर वही पुरानी लापरवाही दोहराई गई और क्या भारत सरकार व उसके विमानन नियामक इससे जवाबदेह नहीं हैं?

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की सेफ्टी को लेकर पहले भी गंभीर सवाल उठ चुके हैं। साल 2013 में इसकी लिथियम आयन बैटरियों में आग लगने की घटनाओं के चलते अमेरिका में 16 जनवरी से 19 अप्रैल 2013 तक तीन महीने का प्रतिबंध लगाया गया था। ऐसे में सवाल उठता है, जब यह तकनीकी इतिहास सबके सामने था, तो भारत सरकार और छ्वत्रष्ट ने इन विमानों को उड़ान की मंजूरी किन आधारों पर दी? क्या सुरक्षा जांच सिर्फ कागज़ों में रह गई थी?

### कंपनी देगी 1.4 करोड़ का मुआवजा

अंतर्राष्ट्रीय उड़ान में मृत्यु या शारीरिक चोट की स्थिति में, भारत में परिचालन करने वाली एयरलाइनें मॉन्ट्रियल कन्वेंशन, 1999 के नियम से बंधी हैं, जो एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इस कन्वेंशन के तहत 128,821 तक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआई) यानी प्रत्येक यात्री के लिए लगभग 1.4 करोड़ रुपये दिया जाता है। अगर यह साबित हो जाए कि एयरलाइन की गलती से यह एक्सीडेंट हुआ है तो यह मुआवजा और बढ़ सकता है।

### हादसे में बचे रमेश बोले- होश आया तो सिर्फ लाशे दिखीं



हादसे में बचे रमेश विश्वास कुमार ने कहा कि टेकऑफ के 30 सेकंड बाद ही प्लेन जबरदस्त आवाज के साथ क्रैश हो गया। मुझे होश आया तो मेरे अगल-बगल लाशें ही लाशें थी। प्लेन के टुकड़े चारों तरफ बिखरे हुए थे। मुझे किसी ने उठाया और एंबुलेंस में डाल दिया। मेरा भाई भी मेरे साथ प्लेन में सफर कर रहा था। प्लीज उसे ढूंढने में मेरी मदद कीजिए।

## प्रतिक्रिया

### हादसे के बारे में जानकर बहुत दुखी हूं: राष्ट्रपति



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत दुखी हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है।

### इस त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया: मोदी



पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। ये शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं हादसे से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं. मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं, जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

### परिजनों की पीड़ा कल्पना से परे: राहुल गांधी



वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी विमान हादसे पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि ये हादसा दिल दहला देने वाला है. यात्रियों और क्रू मेंबर्स के परिजनों की पीड़ा और चिंता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### ब्रिटेन के राजा ने शोक व्यक्त किया



घटना के बाद ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राजा चार्ल्स की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया, मेरी पत्नी और मैं अहमदाबाद में हुई इस भयानक दुर्घटना से गहराई से आहत हैं। हम इस त्रासदी से प्रभावित परिवारों और देशों के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और प्रार्थनाएं भेजते हैं। साथ ही उन्होंने भारतीय आपातकालीन सेवाओं और बचावकर्मियों के प्रयासों की भी सराहना की।

### एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 से जुड़ी घटना के मद्देनजर, यात्रियों की पूछताछ और सहायता के लिए अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर बनाया गया है। कृपया +91 99741 11327 पर कॉल करें।

**1 हज़ार से ज्यादा डीएनए टेस्ट करने पड़ेंगे**



### सवा लाख लीटर ईंधन प्लेन में था, किसी को बचाने का मौका ही नहीं मिला- अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि भारत सरकार और गुजरात सरकार के सभी डिपार्टमेंट एक साथ राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। इस विमान में कुल मिलाकर देश और विदेश के 230 यात्री, 12 क्रू मेंबर सवार थे। इनमें से एक यात्री के बचने की जानकारी मिली है। मैं उनसे मिलकर आया हूं। मृत्यु का आंकड़ा डीएनए टेस्ट और पहचान के बाद ही आधिकारिक रूप से बताया जा सकेगा। गुजरात सरकार ने सभी विभागों को अलर्ट कर दिया था। सभी ने एक साथ मिलकर राहत-बचाव कार्य चालू किया। उन्होंने कहा कि गरमी और सवा लाख लीटर ईंधन जो विमान के अंदर था, उसकी वजह से किसी को बचाने का मौका नहीं मिला। मैं घटनास्थल पर भी जाकर होकर आया हूं। सभी को निकालने का काम लगभग पूरा हो चुका है। डीएनए सैंपल लेने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी हो जाएगी। करीब 1 हज़ार से ज्यादा डीएनए टेस्ट करने पड़ेंगे और सभी गुजरात में ही होंगे।

#### आदिवासियों की जमीन का फर्जीवाड़ा

## पत्रकार गंगा पाठक समेत चार की अग्रिम जमानत खारिज

**जबलपुर।**

हाईकोर्ट ने आदिवासियों की जमीन के फर्जीवाड़े में आरोपी पत्रकार गंगा पाठक, उसकी पत्नी ममता पाठक, संजीव श्रीवास्तव और ओमप्रकाश त्रिपाठी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कहा कि आरोपी पहले सरेंडर करें, फिर नियमित जमानत के लिए आवेदन दें।

अदालत ने माना कि आदिवासियों की भूमि रजिस्ट्री में गंभीर फर्जीवाड़ा हुआ है। बिना कलेक्टर की अनुमति जमीन बेची गई। मृत व्यक्तियों सरजू और कल्लो बाई के नाम से रजिस्ट्री कराई गई। एक रजिस्ट्री में प्रदीप चौहान को विक्रेता बताया गया, जबकि वह उस समय विदेश में था। सरकारी वकील अच्युतेन्द्र बघेल ने बताया कि फर्जी दस्तावेज, फोटो और आधार कार्ड से रजिस्ट्री कराई गई। पीड़ितों की ओर से अधिवक्ता शैलेन्द्र वर्मा ने गंगा पाठक को आदतन अपराधी बताते हुए कहा कि उसके खिलाफ ब्लैकमेलिंग सहित 27 मामलों की शिकायत है। अदालत ने सभी तथ्यों को गंभीर मानते हुए अग्रिम जमानत याचिका नामंजूर कर दी।

### उज्जैन में फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने 6 लोगों को कुचला तीन की मौत

**उज्जैन।** उज्जैन के बड़नगर में आग बुझाने जा रही फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने 6 लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।दरअसल, बड़नगर हाईवे पर बरगुंडासेरी रोड पर गुरुवार दोपहर नगर पालिका के फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना मिली थी। आग बुझाने जा रही गाड़ी को ड्राइवर तेज गति से चला रहा था। इस दौरान एक शख्स को टक्कर मारी, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद गाड़ी पलट गई और घिसटती चली गई, जिसकी चपेट में 5 अन्य लोग आ गए।

## दुष्कर्म और हत्या के प्रयास का आरोपी पुलिस से मुठभेड़ में गिरफ्तार

**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** दुष्कर्म और हत्या का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया। घटना घाटमपुर थाना क्षेत्र की है पुलिस के अनुसार आरोपी ने इस घटना को छह साल की मासूम के साथ अंजाम दिया था। फरार होने की दशा में पुलिस उसकी तलाश लगातार कर रही थी।



पुलिस के मुताबिक वह रामसारी से चीनी मिल को जाने वाली रोड पर जंगल में छिपा था। पुलिस के पहुंचते ही उसने फायर झोंका जो पुलिस की गाड़ी में लगा। पुलिस के जवाबी फायर में आरोपित के पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल पहुंचाया गया है।

अवगत कराते चलें कि विगत दिवस नगर के एक मुहल्ला निवासी ई-रिक्शा मिस्त्री की छह साल की मासूम बेटी मंगलवार शाम को लहूलुहान हालत में मिली थी। मासूम की मां ने पड़ोस में रहने वाले 28 वर्षीय शिवम उर्फ कल्लू पर बेटी से दुष्कर्म करने और ईंट से सिर कूंचकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। कल्लू ने मुहल्ला स्थित एक मजार के पीछे घटना को अंजाम दिया था। घर वालों ने मासूम को जब खोजना शुरू किया तो पहले कल्लू ने उसे न देखने की बात कही। थोड़ी ही देर में मजार के पीछे से खून से लथपथ मासूम को गोद में लेकर आ गया। आनन-फानन में उसे घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।



## संक्षिप्त समाचार

### लात-घूसों की मार से आया था हार्ट अटैक

**भोपाल।** उधारी के महज 1500 रुपए नहीं लौटाने पर हत्या जैसी गंभीर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी प्रमोद राठौर को जिला अदालत ने दोषी करार देते हुए 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने आरोपी पर एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामले में शासन की ओर से लोक अभियोजक पीएन सिंह राजपूत ने पैरवी की। कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि प्रमोद राठौर ने मृतक मुकेश मालवीय के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे सीने में तेज दर्द हुआ और खून की उल्टियां भी हुई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मुकेश की रास्ते में ही मौत हो गई। मेडिकल जांच में मृत्यु का कारण दिल का दौरा पाया गया, जो मारपीट से उत्पन्न तनाव और चोटों के चलते हुआ। घटना 23 मई 2023 को चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में घटी थी। मृतक मुकेश मालवीय के ससुर घनश्याम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### केंद्रीय मंत्री सिंह कल करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**भोपाल।** देश का पहला मछली पालन और प्रोसेसिंग क्लस्टर भोपाल के पास हलाली डेम में बनने जा रहा है। केंद्रीय मछुआ पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह 13 जून को इंदौर से इस क्लस्टर का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। केंद्र सरकार की पहल पर राष्ट्रीय इनलैंड फिशरीज एवं एक्वाकल्चर मीट होने जा रही है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन समेत 20 राज्यों के मछुआ कल्याण व मछली पालन मंत्री इसमें शामिल होंगे। पीएम मत्स्य संपदा योजना में देशभर में हलाली डेम समेत कुल 17 बांध आधारित मछली उत्पादन क्लस्टर की पहचान की गई है, इन्हें देश के एक्सीलेंस फिशरीज प्रोडक्शन सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मप्र के लिए यह गौरव की बात है कि राष्ट्रीय इनलैंड फिशरीज एवं एक्वाकल्चर की पहली बैठक प्रदेश के इंदौर में हो रही है। इस बैठक में उन राज्यों में मछली पालन को बढ़ावा देना है, जिनकी सीमाएं समुद्र से नहीं जुड़ती हैं।

### फ्लाईओवर के पोस्टर वार पर बोले मंत्री राकेश सिंह

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर के उद्घाटन में लेटलतीफी के लिए कांग्रेस ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और जबलपुर सांसद आशीष दुबे को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस का कहना है कि दोनों के आपसी मतभेद के कारण ब्रिज का उद्घाटन नहीं हो रहा है। इसलिए 14 जून को जनता का ब्रिज जनता को समर्पित किया जाएगा। मंत्री सिंह ने फ्लाईओवर का जनता के हाथों उद्घाटन कराने की चुनौती देने वाले नेताओं को छुटभैया बताया है। यह ब्रिज 1100 करोड़ रुपए से तैयार हुआ है। बुधवार को एक कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मैं हमेशा भाषा का संयम और मर्यादा का पालन करता हूं, पर मैं कहता हूं कि छुटभैया की हर बात का जवाब देना आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि ओछी राजनीति किसी को शोभा नहीं देती है। जो लोग घर के सामने की नाली नहीं बनवा सकते, वो लोग 1100 करोड़ रुपए से बने फ्लाईओवर के लोकार्पण की बात करते हैं।

### राजा मर्डर- आरोपियों से पूछताछ कर रही मेघालय पुलिस

मेघालय पुलिस आज शाम 5 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस से जुड़े सवालों के जवाब देगी। ईस्टर्न रेंज के डीआईजी डेविस एनआर मारक ने ये जानकारी देते हुए कहा- इस केस में गिरफ्तार आरोपियों के अलावा अन्य लोगों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। उधर, सोहरा थाने में पुलिस ने स्कूटी किराए पर देने वालों के बयान लेने शुरू कर दिए हैं। इससे पहले डीजीपी इदाशीशा नोंग्रांग ने कहा- पुलिस को होम स्टे में छूटे सोनम के सूटकेस से मंगलसूत्र और अंगूठी मिले। यह महत्वपूर्ण सुराग हैं। इनसे केस को सुलझाने में मदद मिली। वहीं, मंत्री अलेक्जेंडर लालू हेक बोले- कम समय में मेघालय पुलिस ने जो सफलता हासिल की, वह काबिल-ए-तारीफ है। 11 मई को शादी के बाद 21 मई को राजा-सोनम शिलॉन्ग पहुंचे थे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात हुई थी। 2 जून को राजा का शव मिला था। 17 दिन से गायब सोनम 9 जून को गाजीपुर में मिली थी। इसके बाद ही हत्याकांड का खुलासा हुआ। मेघालय पुलिस आज शाम 5 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। इसमें केस से जुड़े सवालों के जवाब दिए जाएंगे।

# प्रदेश की 20 हजार 600 सुदूर बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने 21 हजार 630 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति

## मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना अंतर्गत 30 हजार 900 किलोमीटर सड़क का होगा निर्माण

नगर संवाददाता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना अंतर्गत प्रदेश के सुदूर बसाहटों मजरा/टोला/धोनी/पुरा इत्यादि को बारहमासी सम्पर्कता प्रदान करने 21 हजार 630 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार योजना का क्रियान्वयन 2 चरणों में किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक पहले चरण एवं वित्तीय वर्ष 2030-31 से 2034-35 तक दूसरे चरण में कुल अनुमानित 30 हजार 900 कि.मी. मार्ग का निर्माण होगा। योजना का क्रियान्वयन राज्य मद से किया जायेगा। योजना के संबंध में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की साधिकार समिति को निर्णय लिये जाने के लिए अधिकृत किया गया है। स्वीकृति अनुसार न्यूनतम 20 आवास और 100 से अधिक जनसंख्या वाले 6 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले ऐसे क्षेत्र, जिसके 50 मीटर की दूरी में पूर्व से बारहमासी सड़क न हो, को बसाहट के अंतर्गत लिया जायेगा। इसके लिए बसाहट की जनसंख्या के घटते क्रम में विधानसभा क्षेत्रवार प्राथमिकता सूची तैयार की जायेगी। सांसद, क्षेत्रीय विधायक और जिला पंचायत सदस्यों के परामर्श पर ग्रामीणजनों की स्थानीय आवश्यकता जैसे - सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के आधार पर बसाहटों की प्राथमिकता में कलेक्टर द्वारा लिपिबद्ध कारणों से सूची में परिवर्तन किया जा सकेगा। अंतिम प्राथमिकता सूची का




राज्य स्तर पर प्रकाशन किया जायेगा। योजना अंतर्गत 20 हजार 600 बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए लगभग 30 हजार 900 किलोमीटर मार्ग का निर्माण किया जायेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में तुअर दाल उद्योगों की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रदेश में बाहर से आयातित तुअर पर मंडी शुल्क से पूर्णतः छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया। छूट दिए जाने से प्रदेश में तुअर दाल की पर्याप्त उपलब्धता होगी। साथ ही परिवहन बढेगा और रोजगार में वृद्धि होगी। मंत्रि-परिषद द्वारा झाबुआ, सिंगरौली, देवास और नर्मदापुरम में कामकाजी महिलाओं के जीवन को आसान बनाने के उद्देश्य से ड्डस्ष्टद्ध (स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट) 2024-25 योजना अंतर्गत स्वीकृत 350 सीट्स की क्षमता वाले 4 वर्किंग वूमन हॉस्टल के निर्माण का सैद्धांतिक अनुमोदन दिया गया है। योजना पी.पी.पी मोड में संचालित की जायेगी। योजना पर 40 करोड़ 59 लाख रूपये खर्च होंगे। मंत्रि-परिषद द्वारा जिले के विकास योजना के लिए रोडमेप तैयार करने और जिले की दीर्घकालीन विकास योजनाएं बनाने के लिए सभी जिलों में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ÷जिला विकास सलाहकार समिति÷ का गठन किये जाने का अनुमोदन दिया गया। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किये जाने संबंधी निर्देश दिये गये थे। जिला विकास सलाहकार समिति में जिले के प्रभारी मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। सांसद, जिले के समस्त विधायक, जिला मुख्यालय के महापौर या नगरपालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के सभी जनपद अध्यक्ष के साथ उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाज सेवी, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के 20 प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति के उद्देश्यों में जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएँ बनाना है।

## मध्यप्रदेश में कोरोना से तीसरी मौत

# अब तक सामने आए 123 केस, 86 एक्टिव मामले; जिलेवार जारी नहीं हो रहे आंकड़े

नगर संवाददाता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना से इस साल तीसरी मौत हो गई है। इसकी पुष्टि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड-19 डैशबोर्ड पर की गई है, जिसमें बताया गया कि प्रदेश में कोरोना से एक और महिला की जान गई है। मृतक 52 वर्षीय महिला थीं, जिन्हें ब्रोंकियल अस्थमा था। उन्हें 25 साल पहले टीबी हो चुकी थी और वे मधुमेह (ॿ1ष्ट 7.4त्र) से भी पीड़ित थीं। इन जटिल स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उनकी स्थिति गंभीर हो गई थी। जानकारी के मुताबिक, महिला रतलाम की रहने वाली थीं और इंदौर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें 8 जून को सांस लेने में तकलीफ होने पर भर्ती किया गया था। 10 जून को कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई और इसके बाद उन्हें एमआरटीबी अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में रेफर किया गया, जहां 11 जून को उनकी मौत हो गई। प्रदेश में कोरोना की स्थिति को लेकर इंटिग्रेटेड डिजीज सर्विलेंस प्रोग्राम द्वारा अब जिलेवार आंकड़े जारी नहीं किए जा रहे हैं,



जबकि अन्य राज्य अभी भी रोजाना हेल्थ बुलेटिन जारी कर रहे हैं। प्रभारी डॉ. अश्विनी भागवत से संपर्क करने की कई कोशिशें की गईं, लेकिन न तो फोन का जवाब मिला और न ही मैसेज का। साल 2020 में महामारी शुरू होने के बाद यह पहली बार है जब अधिकारी कोरोना से जुड़ी जानकारी साझा करने से बच रहे हैं। प्रदेश में बुधवार, 11 जून को कोरोना के 21 नए केस दर्ज किए गए। यह इस साल एक दिन में दर्ज सबसे ज्यादा मामले हैं। इसके साथ ही 2025 में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 123 हो गई है। इनमें से 86 एक्टिव केस हैं और 34 मरीज रिकवर हो चुके हैं। अब तक 3 मौतें हुई हैं। 52 वर्षीय महिला, जिन्हें टीबी, ब्रोंकाइटिस और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां थीं। मौत 11 जून को इंदौर में इलाज के दौरान हुई। 44 वर्षीय महिला, जिन्होंने हाल ही में एमटीएच अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। 6 जून को एमआरटीबी अस्पताल में मृत्यु हुई। 74 वर्षीय महिला, जिन्हें किडनी की बीमारी थी। 27 अप्रैल को अरबिंदो अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हुई थी। भारत में फिलहाल कोरोना का छ्ह.1 वैरिएंट सबसे अधिक देखा जा रहा है। जांच में आधे से ज्यादा सैंपल में यही वैरिएंट पाया गया है। इसके बाद क्च2 (26त्र) और ओमिक्रॉन सबलाइनज (20त्र) के मामले मिल रहे हैं।

### भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन के दो छज्जे गिरे

नगर संवाददाता

**भोपाल।** बुधवार रात तेज हवा और आंधी ने राजधानी में अचानक कहर बरपा दिया। इसका सबसे बड़ा असर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग पर देखने को मिला, जहां तेज आंधी के चलते भवन के दो छज्जे भरभराकर नीचे गिर गए। हादसा रात करीब 9 बजे का बताया जा रहा है। छज्जे गिरने से स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग के अंदर और बाहर मलबा फैल गया। बाहर स्थित रेस्टोरेंट को भी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा तेज हवाओं के कारण प्लेटफार्म नंबर-5 की तरफ लगे एडवर्टाइजमेंट बोर्ड और स्टेशन की बिल्डिंग के कांच भी टूट गए। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रेलवे प्रबंधन और बंसल ग्रुप की टीम मौके पर पहुंचकर तुरंत मलबा हटाने के काम में जुट गई है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं।वहीं घटना के बाद स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था, हालांकि कुछ ही समय में स्थिति सामान्य हो गई।

## जुलाई के तीसरे हफ्ते में मानसून सत्र संभावित

# ई-विधान की तैयारियां जोरों पर, 35 ऑल इन वन कम्प्यूटर खरीदे जाएंगे

नगर संवाददाता

**भोपाल।** विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई के तीसरे या चौथे सत्र में शुरू होगा। इसके लिए विधानसभा सचिवालय ने प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बीच चर्चा के बाद सत्र की अवधि और सत्र शुरू करने की तारीख फाइनल होगा। इस बार विधानसभा में ई-विधान के जरिये पूरी कार्यवाही की जानी है, इसके लिए भी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि ई-विधान को लेकर विधानसभा सचिवालय विभागीय तौर पर तेजी से काम कर रहा है और पिछले दिनों एनईवीए को लेकर विधानसभा में एनआईसी की ओर से प्रजेंटेशन दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा के अफसरों को अब तक की तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया है। ई-विधान की तैयारियों के बीच विधानसभा सचिवालय द्वारा 35 आल इन वन कम्प्यूटर खरीदे जाएंगे। आल इन वन कम्प्यूटर में सीपीयू, मॉनिटर,



बैटरी बैकअप, स्पीकर सभी एक साथ होते हैं। इसके लिए अलग से पार्ट्स की खरीदी नहीं करनी पड़ती है। यह 35 कम्प्यूटर विधानसभा सत्र की कार्यवाही के दौरान उपयोग किए जाएंगे। इसके लिए विधानसभा सचिवालय ने जेम पोर्टल के माध्यम से टेंडर बुलाए हैं जो 18 जून को खोले जाएंगे। ई-विधान जिसे NeVA (National e-Vidhan Application) के रूप में भी जाना जाता है, यह भारत सरकार की मिशन मोड परियोजना है जो सभी राज्य विधान मंडलों को डिजिटल और कागज रहित बनाने के लिए डिजाइन की गई है। इसका उद्देश्य सभी राज्य विधान मंडलों को पेपरलेस करना, विधायी प्रक्रिया को ऑनलाइन करना है।

### 700 कैमरें खंगाले के बाद मिला भोपाल का रक्षम

नगर संवाददाता

**भोपाल।** हर बीतते दिन के बाद साथ बेटे को मिलने की उम्मीद खोती जा रही थी। हर आस खत्म हो रही थी, लेकिन भगवान ने चमत्कार कर दिया। स्वयं एक व्यक्ति ने कॉल कर मथुरा पुलिस को रक्षम उनके पास होने की जानकारी दी। मथुरा पुलिस ने खाटूश्याम पुलिस से संपर्क किया और बच्चा उनके पास होने की बात कही। यह जानकारी जब मुझे और परिवार को मिली तो यकीन नहीं हुआ। बुधवार को पुलिस ने बच्चा हमारे सुपुर्द किया तब लगा भगवान ने मेरी हर एक मुराद पूरी कर दी। मेरा बेटा मेरे पास है, इससे ज्यादा मुझे कुछ भी नहीं चाहिए। चार दिन बाद उसने पहली बार मेरे हाथों से कुछ खाया है, मेरी खुशी का ठिकाना नहीं है। परिवार से अलग रहकर बच्चा बेहद कमजोर हो चुका है। पहले ही वह बीमार था, लेकिन जिसने उसे अपने पास रखा उन्होंने बेहद ख्याल रखने की कोशिश की। यही कारण है मेरा बेटा सही सलामत है। पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया है। कहीं कोई चोट के निशान नहीं हैं। हालांकि बच्चा गुमसुम है कुछ बोल नहीं रहा है। इधर मामले की जानकारी देते हुए सीकर पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि 7 जून को मध्य प्रदेश के भोपाल जिले की रहने वाली ललित जाटव पत्नी अजय जाटव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके 3 साल के बेटे रक्षम का अपहरण हो गया है।

## कूनो, गांधीसागर के बाद चीतों का मप्र में तीसरा ठिकाना

# नौरादेही अभयारण्य में 30 किमी एरिया में रहेंगे चीते, एनटीसीए ने तय किया क्षेत्र

नगर संवाददाता

**भोपाल।** प्रदेश में चीतों का तीसरा ठिकाना सागर जिले का नौरादेही अभयारण्य बनेगा। कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य के बाद यहां चीतों की बसाहट के लिए वन विभाग की टीम काम में जुट गई है। इसको लेकर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की एक टीम मई में अभयारण्य का विजिट कर चुकी है और इस टीम ने अभयारण्य के दायरे में आने वाले मोहली, झापा और सिंगपुर की तीन श्रेणियों में फैले 30 किलोमीटर के क्षेत्र को चीतों के लिए तैयार करने का फैसला किया है। सागर और दमोह जिलों के पठारी इलाके में स्थित नौरादेही अभयारण्य साल, सागौन, महुआ, बांस और बेल के पेड़ों से भरा एक पर्णपाती जंगल है, यहां घास के मैदान हैं जो शाकाहारी जानवरों के लिए उत्तम चारागाह है। यहां मृग और जंगली सुअर जैसे अन्य जानवरों सहित पर्याप्त शिकार है। इसके साथ ही वन विभाग पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व से चीतल या चित्तीदार हिरणों के शिफ्टिंग की व्यवस्था में भी जुटा है। नौरादेही वर्ष 2010 में चीतों के लिए प्राथमिकता वाले स्थलों में शामिल था लेकिन बाद में इसे हटा दिया गया था। अब



फिर इसको लेकर कवायद तेज हुई है। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन शुभरंजन सेन ने इसकी पुष्टि की है।

एनटीसीए में वन उप महानिरीक्षक वैभव माथुर की मौजूदगी वाली निरीक्षण टीम जिन तीन रेंज मोहली, झापा और सिंगपुर को चीतों के रहवास के लिए उचित माना है, उसमें कुल 13 गांव हैं जहां के लोगों का पुनर्वास किया जाएगा। यहां 30 किलोमीटर के क्षेत्र को बाड़ेबंदी भी की जाएगी। वन टीम ने इन 13 गांवों के पुनर्वास के लिए 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि मांगी है। अभयारण्य में रिक्त पदों को भरने के लिए नौरादेही में पशु चिकित्सकों की भी तैनाती की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार नौरादेही अभयारण्य में कुल 93 गांव थे, जिनमें से 44 को बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है। 49 गांव अभी भी अभयारण्य के भीतर हैं। वन विभाग वर्तमान में तीन और गांवों के लोगों के पुनर्वास का काम कर रहा है जबकि मोहली गांव सहित सात अन्य गांवों को इस साल के अंत में पुनर्वास के लिए चुना जाएगा। वर्ष 1952 में भारत में चीतों के विलुप्त होने के बाद सितंबर 2022 में नामीबिया से 8 चीतों को लाया गया था। फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से और 12 चीतों को लाया गया। इन्हें भी कूनो में रखा गया जिससे भारत में चीतों की कुल संख्या 20 हो गई।

## एमपी में 15 जून को मानसून की एंट्री के आसार

# ग्वालियर समेत 12 जिलों में आज लू चलेगी; भोपाल-इंदौर में भी गर्मी रहेगी

नगर संवाददाता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री 14 या 15 जून को हो सकती है। मौसम विभाग ने यह संकेत दिए हैं। वहीं, 12-13 जून को प्रदेश में भीषण गर्मी रहेगी। गुरुवार को ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है। इनमें से 7 जिले-भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में ऑरेंज अलर्ट है। इससे पहले, पिछले 24 घंटे के दौरान कुल 21 जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर रहा। इनमें पन्ना, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, पांढुर्णा, बैतूल, हरदा, विदिशा, रायसेन, भोपाल, सीहोर, शाजापुर, देवास, इंदौर, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर



और धार शामिल हैं। बारिश के साथ सीहोर में 74च्यद्व, इंदौर-हरदा में 52च्यद्व, भोपाल-बड़वानी में 39 और बैतूल में 34च्यद्व प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली। भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के आसपास के इलाके में आंधी की रफ्तार 50 किमी से अधिक रही। वहीं, शाम होते ही कई शहरों में मौसम बदल गया। भोपाल में रात करीब 9 बजे तेज हवाओं के बारिश होने लगी। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। टीकमगढ़ के मऊ घाट में भी शाम को गरज-चमक के साथ बारिश हुई। यहां चने के आकार के ओले भी गिरे है। विदिशा और रायसेन में भी बारिश हुई है। भोपाल में कई जगहों पर पेड़ गिर गए। इस वजह से ट्रैफिक भी बाधित रहा। गुरुवार सुबह तक पेड़ों को हटाने का दौर चला। नगर निगम के अनुसार, करीब 100 जगहों पर पेड़ या उनकी टहनियां गिर गईं। इसके अलावा शाहपुरा समेत 50 से अधिक इलाकों में रातभर बिजली गुल रही।निवाड़ी के सिंदूर सागर गांव में बुधवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। उसी परिवार की दो अन्य महिलाएं घायल हो गईं। मृतक की पहचान क्रांति पत्नी श्यामलाल केवट के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब क्रांति अपनी देवरानी उर्मिला और जेठानी मूर्ति देवी के साथ खेत में बकरी चरा रही थीं। बारिश शुरू होने पर तीनों एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गईं। इसी दौरान तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरी और तीनों महिलाएं इसकी चपेट में आ गईं। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और तीनों को अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने क्रांति को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायल महिलाओं को भर्ती कर उनका इलाज शुरू किया गया है। बुधवार रात तेज हवा और आंधी से भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग के दो छज्जे भरभराकर नीचे गिर गए। हादसा रात करीब 9 बजे का बताया जा रहा है। छज्जे गिरने से स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग के अंदर और बाहर मलबा फैल गया। बाहर स्थित रेस्टोरेंट को भी नुकसान पहुंचा है।

### अतिक्रमण पर भोपाल निगम की बड़ी कार्रवाई दुकानों के आगे 25 चबूतरे तोड़े

**नगर संवाददाता भोपाल।** भोपाल में बुधवार को नगर निगम ने अतिक्रमण को लेकर बड़ी कार्रवाई की। मुर्गी बाजार में दुकानों के बाहर बने 25 पक्के चबूतरे तोड़ दिए गए। वहीं, कई शेड हटाए तो ठेले-गुमटियां भी जब्त की गई। मुर्गी बाजार में अतिक्रमण अधिकारी सृष्टि भदौरिया की मौजूदगी में यह कार्रवाई हुई। भदौरिया ने बताया कि सभी चबूतरों को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। इनकी वजह से नाले-नालियों की सफाई नहीं हो पा रही थी। चबूतरों को तोड़ने के बाद सफाई अभियान भी चला। बुधवार को अब्बास नगर, हमीदिया रोड, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-6, आरिफ नगर, जहांगीराबाद, अशोका गार्डन, सूरज नगर, भदभदा, भारत माता चौराहा, कोलार रोड, सुमित्रा परिसर फेस-2, जानकी हाउस, विजय विलास कॉम्प्लेक्स, ललिता नगर, बाग मुगालिया, राजा भोज आर्केड, सब्जी मंडी, रानी कमलापति स्टेशन, न्यू मार्केट, एमपी नगर जोन-1, लिंक रोड नंबर-1, 2 एवं 3 में सड़क, फुटपाथ व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### नोडल अधिकारियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया



उज्जैन। गत दिवस केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी श्री अभिषेक चौहान और श्री राकेश सिंह के द्वारा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया । नोडल अधिकारियों के द्वारा जलपद पंचायत महिदपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे डगवेल रिचार्ज, कूप रिचार्ज, हेंडपंप रिचार्ज, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर, खेत तालाब, बावड़ी जिर्णोध्दार के कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा जिले में चल रहे कार्यों की प्रशंसा की गई।

### भगवान महाकाल का राजा स्वरूप में श्रृंगार

उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के पट गुरुवार तड़के (4 बजे) भस्म आरती के दौरान खोले गए। पंडे-पुजारी ने गर्भगृह में



स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक और दूध, दही, घी, शकर, फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया। इसके बाद प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद जटाधारी भगवान महाकाल को मस्तक रजत, चंद्र, भांग, चन्दन और गुलाब के फूल की माला अर्पित की। रजत मुकुट, त्रिपुण्ड अर्पित कर श्रृंगार किया। श्रृंगार पूरा होने के बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्मी रमाई गई। भगवान महाकाल का भांग, ड्रायफ्रूट और आभूषण के साथ फूलों से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया। भस्म अर्पित करने के बाद शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ सुगन्धित पुष्प से बनी फूलों की माला अर्पित की गई। भगवान महाकाल ने गुलाब के सुगंधित पुष्प धारण किए। फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई।

### समग्र आईडी को आधार के साथ लिंक ना होने पर जून माह का वेतन आहरण नहीं

उज्जैन। राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय सेवकों को आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाईल के माध्यम से अपने समग्र आई.डी. को आधार के साथ लिंक/मेप किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अतः समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि माह जून 2025 तक अपने अधीन समस्त शासकीय सेवको के e-KYC प्रकिया के तहत IFMIS में समग्र आई.डी. का आधार के साथ मैंपिग का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जावे ।

### कंट्रोल दुकान के उपभोक्ता जून, जुलाई एवं अगस्त का राशन एकमुश्त ले सकते


उज्जैन। शासकीय उचित मूल्य यानी कंट्रोल की दुकान से जुड़े उपभोक्ता तीन माह जून, जुलाई एवं अगस्त का राशन एक साथ प्राप्त कर सकते हैं। राशन आहरण की सूचना उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा ने बताया जिले में नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत शेष हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण करने के लिए शासन द्वारा 15 जून तक समय सीमा में वृद्धि की गई है। अतः जो शेष रहे हैं, वे हितग्राही नजदीकी उचित मूल्य दुकान पर जाकर ई-केवायसी करवाकर तीन माह का एकमुश्त राशन प्राप्त कर सकते हैं। तय समय सीमा में ई-केवायसी नहीं करवाने वालों का खाद्यान्न रोका जा सकता है।

# सोनम-राजा के जिंदा लौटने के लिए उज्जैन में हुई थी तंत्र क्रिया, गोबर में लपेट कर रखे थे कपड़े-मंत्र

उज्जैन। इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में रोज परत-दर-परत सच्चाई सामने आती जा रही है। सोनम और राजा के 23 मई से लापता होने के बाद उनके जिंदा लौटने की मंशा से उज्जैन में तंत्र क्रिया हुई थी। हालांकि, इसके पांच दिनों बाद राजा रघुवंशी का शव मिला और सोनम का भी पता चल गया, लेकिन उसकी वापसी हत्या की आरोपी के रूप में हुई।

उज्जैन तंत्र, मंत्र और आस्था के लिए काफी प्रसिद्ध है। इंदौर में हुए बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की तंत्र क्रिया अनुष्ठान भी उज्जैन में







होने की बात सामने आई है। उज्जैन के स्थानीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रामेश्वर दास महाराज ने यह दावा किया है कि 28 मई को उनके पास राजा और सोनम के परिवार का एक युवक अभिषेक आया था, जिसने बताया था कि उसके भाई और भाभी अचानक कहीं गायब हो गए हैं, जिनका कोई पता नहीं लगता रहा है। राजा और सोनम दोनों की सकुशल वापसी के लिए तंत्र क्रिया करने के पहले महंत रामेश्वर दास ने राजा सोनम के फोटो और कपड़े मंगवाए थे। इसके बाद यह अनुष्ठान शुरू हुआ। तंत्र अनुष्ठान के दौरान राजा के कपड़ों को पर्ची पर लिखकर मंत्रों के साथ गोबर में लपेटकर रखा और इस अभिमंत्रित यंत्र पर 50 किलो वजन रखा था। विशेष बात यह थी कि प्रतिदिन सुबह शाम इन मंत्रों का जाप किया जाता था और बीज मंत्रों से अनुष्ठान भी होता था।

मंत्रों में बड़ी शक्ति होती है, यही कारण है कि 28 मई को शुरू किए गए इस अनुष्ठान के बाद पांचवें दिन राजा की लाश मिल गई थी और फिर बाद में सोनम का भी पता चल गया। महंत रामेश्वर दास ने बताया कि हम कभी भी कोई क्रिया अधूरी नहीं छोड़ते हैं, इसीलिए हमने राजा और सोनम के परिवार के लोगों को बुलाकर तंत्र क्रिया में प्रयोग किए गए राजा और सोनम के कपड़ों के साथ ही उनके फोटो और मंत्रों के यंत्र को शिप्रा नदी में प्रवाहित कर दिया।

### फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने 6 लोगों को कुचला

# पिता-पुत्र समेत 3 लोगों की मौत, तीन घायल



उज्जैन। बड़नगर में आग बुझाने जा रही फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने 6 लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

दरअसल, बड़नगर हाईवे पर बरगुंडासेरी रोड पर गुरुवार दोपहर नगर पालिका के फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना मिली थी। आग बुझाने जा रही गाड़ी को ड्राइवर तेज गति से चला रहा था। गाड़ी 6 लोगों को टक्कर मारते हुए पलट गई।

हादसे में घायल आवेश (2 साल) और उसके पिता जितेंद्र सिंह (50 साल) को गंभीर हालत में उज्जैन के चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। जबकि संतोष, महिला उजाला सिंह और तनीषा (3 वर्ष) का इलाज बड़नगर के अस्पताल में चल रहा है।

#### ड्राइवर नशे की हालत में था

बताया जा रहा है कि फायर ब्रिगेड का ड्राइवर नशे की हालत में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। बड़नगर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंगिया ने गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपए और अन्य घायलों को 15-15 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही उनके इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही है।

डीएसपी एनएस परमार ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई थी, उन्हें हटाकर घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। मौके से ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। जेसीबी मंगाकर रोड से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को हटवा दिया गया है।

### मान के कार्यक्रम के बीच युवक पर फायरिंग, 2 लोग पुलिस हिरासत में

# घायल बोला- पत्नी ने करवाया हमला, वो संपत्ति हड़पना चाहती

उज्जैन। बुधवार देर रात एक मान के कार्यक्रम में फायरिंग हो गई, जिसमें एक युवक और एक महिला घायल हो गए। बताया गया कि आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने पहले एक युवक पर कार चढ़ाने की कोशिश की। जब युवक ने दौड़कर जान बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने कार्यक्रम के दौरान गोली चला दी। घटना के बाद घायल युवक और महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी कार्यक्रम स्थल के अंदर भागते हुए और फायरिंग की आवाजें सुनाई देती हैं। फायरिंग के कुछ देर बाद आरोपी वहां से भाग निकले।

#### विवाद के बीच एक महिला भी घायल

पटेल नगर निवासी जयराज सिंह बुधवार रात अपने मित्र के यहां शुभ लाभ गार्डन में आयोजित मान के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात करीब 11:30 बजे जब वे कार्यक्रम से बाहर निकलकर अपनी कार की ओर जा रहे थे, तभी वहां खड़ी एक स्विफ्ट कार ने उन्हें टक्कर



मारने की कोशिश की। लेकिन जयराज किसी तरह बचकर गार्डन की ओर भागे। उन्हें भागता देख कार में सवार बदमाश भी गार्डन में घुस आए और जयराज पर हमला कर दिया। उन्होंने फायरिंग की। गनीमत रही कि गोली सीधे जयराज को नहीं लगी, लेकिन बंदूक से निकले छर्रे उनके पेट में लग गए, जिससे वह घायल हो गए। विवाद के दौरान वहां मौजूद एक महिला को भी छर्रे लगे, जिससे वह भी घायल हुई और उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल जयराज सिंह ने आरोप लगाया कि उन पर यह जानलेवा हमला उनकी पत्नी के कहने पर किया गया है। उन्होंने कहा कि आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उन पर हमला किया, जिनमें उनके साले यश चौहान और वैभव चौहान के कहने



पर शैलू सिंह, सन्नी और दो अन्य लोग शामिल थे।

जयराज का कहना है कि उनका अपनी पत्नी से पारिवारिक विवाद कोर्ट में चल रहा है और पत्नी उनकी संपत्ति हड़पना चाहती है। इसके लिए उनका साला उन्हें पहले भी धमका चुका है और पिछले महीने भी उन पर हमला करने की कोशिश कर चुका है।

#### दो लोगों को हिरासत में लिया

सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। मौके से सीसीटीवी फुटेज भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### किशनपुरा में किरायेदार के घर में लगी आग

# घर में रखा सामान जलकर खाक



उज्जैन। किशनपुरा क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक घर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना वार्ड क्रमांक 39 के मक्सी रोड स्थित गली नंबर 8 की है, जहां विजय बड़गोतिया के मकान में रहने वाले एक किरायेदार दीपक सौराष्ट्र के घर में आग लग गई। आसपास के रहवासी और दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया, पर तब तक घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

स्थानीय पार्षद जितेंद्र कुंवाल के अनुसार, आग सुबह करीब 5 बजे लगी। सूचना मिलते ही मोहल्ले के रहवासी मदद के लिए आगे आए और दमकल को भी सूचित किया। हालांकि जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक आग ने घर में रखे गद्दे और अन्य घरेलू सामान को अपनी चपेट में ले लिया था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर ब्रिगेड मामले की जांच कर रहे हैं।

#### घर में रखा था कास्मेटिक का सामान

बताया गया है कि जिस किरायेदार के घर में आग लगी, उसकी पत्नी कॉस्मेटिक के सामान बेचने का कार्य करती थी। आग की चपेट में आकर सामान भी जल गया, जिससे करीब दो लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पार्षद कुंवाल ने बताया कि पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और इस अग्निकांड से उन्हें बड़ा झटका लगा है। पार्षद और आसपास के रहवासी मिलकर पीड़ित की मदद की पहल कर रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होंगे कई आयोजन

## प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग के लिए विशेष व्यवस्था



उज्जैन। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उज्जैन में सामूहिक योग के कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। जिसके बाद से 21 जून को प्रति वर्ष सामूहिक का योग का कार्यक्रम आयोजित होता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलिटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरुआत 21 जून को प्रातः 6 बजे से होगी। सामूहिक योग की प्रक्रिया प्रातः 7.45 पर संपन्न हो जाएगी।



## महिला आयोग सदस्य डॉ. मजूमदार ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

उज्जैन। राष्ट्रीय महिला आयोग, दिल्ली की सदस्य डॉ. अर्चना मजूमदार एवं सदस्यों द्वारा जिला चिकित्सालय, (चरक भवन) उज्जैन की निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अशोक पटेल, सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार दिवाकर, आरएमओ डॉ. चिन्मय चिंचौलिकर, डॉ. निधी जैन तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।डॉ. अर्चना मजूमदार एवं सदस्यों द्वारा चिकित्सालय की मेटरनिटी विंग, एसएनसीयू, आपरेशन थियेटर, एमएलसीयू आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं लेबर रूम व गायनिक ओ.टी. के इंफ्रास्ट्रक्चर व मेंटनेंस को लेकर संतुष्टि जाहिर की गई। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय की समस्त प्रकार की वार्षिक रिपोर्टिंग ओपीडी, आईपीडी, मेटरनिटी व एसएनसीयू आदि तथा मानव संसाधन की जानकारी ली गई।

### नीट, जेईई सहित अन्य परीक्षाओं की कोचिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 24 तक

उज्जैन। आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु जेईई, नीट एवं क्लेट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले अर्थात् वर्तमान में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण (60 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक) जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कोचिंग दिया जाना है। चयनित विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, टेबलेट, इंटरनेट, डाटा प्लान की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी।




### शिप्रा नदी विकास के लिए 27 करोड़ मंजूर

उज्जैन। जिले में शिप्रा तथा उसकी सहायक नदियों के विकास के लिए लगभग 27 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके लिए जल संसाधन विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। स्वीकृत राशि से इन नदियों के घाट निर्माण सहित अन्य जरूरी काम कराए जाएंगे। मंत्री सिलावट ने बताया कि यह काम सिंहस्थ को देखते हुए जरूरी है। बूढ़ी बरलई ग्राम में शिप्रा पर घाट निर्माण के लिए 14 करोड़, 65 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। दतोदा में सहायक नदी और ग्राम मंडलावदा तथा ग्राम चिमली के पास शिप्रा पर घाट निर्माण की मंजूरी दी गई है। मेल कलमा गांव में बैराज सह पुलिया निर्माण के लिए 4.42 करोड़ मंजूर किए गए हैं।

### मंगलनाथ मंदिर में टूट गए सारे रिकॉर्ड, यजमानों की भीड़ 7 बजे से 3.30 बजे तक सतत चलती रही

# 1 दिन में कटी 1830 पूजन रसीद, फिर भी हुए सुगमता से दर्शन

उज्जैन। मंगलग्रह का जन्म स्थान कहे जाने वाले भगवान श्री मंगलनाथ के मंदिर पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही साथ भात पूजन एवं अन्य पूजन कराने हेतु आने वाले यजमानों की भीड़ सुबह 7 बजे प्रातः कालीन आरती पश्चात से भातपूजन प्रारंभ होकर निर्धारित समय 3.30 बजे तक सतत रूप से चलती रही। मंदिर पर आने वाले यजमानों के द्वारा भात पूजन के साथ ही साथ कालसर्प दोष, अंगारक दोष, श्रापित दोष, गुरु चांडाल दोष, कुंभ विवाह, अर्क विवाह आदि पूजन मंदिर के विद्ववान पंडितों/आचार्य गाणों के द्वारा



संपूर्ण विधान के साथ संपन्न कराई गई।

#### कुछ ऐसे हुए दर्शन

यह जानकारी देते हुए मंदिर के प्रशासक के के पाठक ने बताया कि आज भात पूजन एवं अन्य पूजनों की 1830



कंप्यूटीकृत/मेन्यूअल शासकीय रसीदें बनाई गईं, जोकि पिछले कई समय का रिकार्ड है। इन रसीदों से मंदिर समिति को राशि रुपये 3,84,,850 की आय मंदिर समिति को प्राप्त हुई। इसके साथ ही प्रशासक द्वारा यह भी बताया गया कि मंदिर पर आने वाले श्रद्धालु/दर्शनार्थियों को कतारबद्ध एवं सुगमतापूर्वक तथा व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराए गए।

#### कुछ ऐसे हुए दर्शन

मंदिर पर आने वाले दिव्यांग एवं असहाय दर्शनार्थियों को व्हीलचेयर पर ले जाकर मंदिर के कर्मचारियों के द्वारा गर्भगृह के सामने से दर्शन कराए गए, जिससे आने वाले दर्शनार्थी तथा श्रद्धालुगण मंदिर से अभिभूत होकर अपने गंतव्य स्थान की ओर निकले। जो दर्शनार्थी कतार में खड़े नहीं हो सकते थे तथा जिन्हें अन्य मंदिरों पर अथवा जाने की जल्दी रहती थी, ऐसे दर्शनार्थियों/ यजमानों को मंदिर प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था के अनुरूप प्रति व्यक्ति राशी रुपये 100/- शासकीय रसीद बनाई जाकर व्यवस्थित एवं शीघ्र दर्शन हेतु गर्भग्रह के सामने से उन्हें भगवान मंगलनाथ के दर्शन करवाए गए।

# राजस्व अधिकारी फार्मर रजिस्ट्री को प्राथमिकता दें- कलेक्टर

## प्रत्येक तहसील में प्रतिदिन 250 फार्मर रजिस्ट्री करने की प्लानिंग करें

**नगर संवाददाता**

मुरैना प्रदेश सरकार राजस्व विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही गतिविधियों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिसमें सीमांकन, पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री, आधार, ईकेवायसी, हम सबके लिये प्राथमिकता है। राजस्व अधिकारी प्रतिदिन तहसीलवार 250 फार्मर रजिस्ट्री करने की प्लानिंग बनायें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने गुरूवार को राजस्व अधिकारी की बैठक में दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद समस्त एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि हर वार वीसी के माध्यम से प्रमुख सचिव राजस्व विभाग की योजनाओं पर समीक्षा करते हैं। समीक्षा में मुरैना जिले की स्थिति संतोषप्रद नहीं पायी गयी है,राजस्व अधिकारी विशेषकर राजस्व संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान दें।उन्होंने कहा कि तीन दिन में 15 सीमांकन का डिस्पोजल कैलारस तहसीलदार श्री विश्राम शाक्य ने दिया है। उसी प्रकार सभी लोग डिस्पोजल पर ध्यान दें तो जिले में तीन माह में लंबित 612 प्रकरणों का निराकरण हो सकता है। कलेक्टर ने कहा कि पीएम किसान और सेल्फ रजिस्ट्रेशन में मुरैना जिला अच्छे स्थान पर नहीं है,इसमें 236 प्रोग्रेस लाना हमारी प्राथमिकता है। कलेक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री जिले में बहुत कम कराई गई हैं। देखने में पाया गया है कि जौरा में 95 प्रतिशत अंबाह में 76 प्रतिशत और पोरसा में 77.8 प्रतिशत हुई हैं। इस आंकड़े को और आगे बढ़ाकर 90 प्रतिशत तक जिले में किया जाये। इस लिये प्रतिदिन प्रति तहसील 250 ईफार्मर रजिस्ट्री करने की प्लानिंग बनायें। इसके लिये पटवारियों को समक्ष में बुलायें, उनसे प्रतिदिन जानकारी लें। तभी ये आंकड़ा प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने पीएम किसान की आधार, ईकेवायसी कराने के संबंध में समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि पटवारी हितग्राही से स्वयं संपर्क स्थापित करें।उन्होंने कहा कि पटवारी को स्वयं किसान से संपर्क करना होगा तभी आधार ईकेवायसी के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकता है। बैठक में कलेक्टर ने नक्शा सुधार, अमृत सरोवर को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने एवं डब्ल्यूआरडी के तहत बनाये गये पुल-पुलिया आदि के बारे में अवलोकन करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि वसूली के कार्य में तेजी लायें। यही सभी के लिये मौका है कि वसूली के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकता है।

### 50 दिवस की सीएम हेल्पलाइन प्राथमिकता से निराकृत करें

कलेक्टर ने कहा कि पिछले दो माह से जिले की सीएम हेल्पलाइन में प्रगति ठीक नहीं आ रही है। जिला लगातार बॉटम 5 में पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी 50 दिवस की सीएम हेल्पलाइन पर ध्यान नहीं देंगे तब तक इस आंकड़े में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 50 दिवस की लक्ष्य अनुसार अंबाह की 1009, मुरैना की 909 और सबलगढ़ की 425 शिकायतें दिख रही हैं। जिले में कुल 3294 शिकायतों का फिगर दिख रहा है। इस आंकड़े को 19 जून तक 2000 तक लाने का प्रयास करें। सभी तहसीलदार ए ग्रेड में आने चाहिये।



### समस्त एसडीएम अपने अपने क्षेत्र में ट्रेफिक व्यवस्था सुधारें

कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्र में ट्रेफिक व्यवस्था सुधारें इसके लिये पुलिस फोर्स भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अंबाह, मुरैना, जौरा और सबलगढ़ से वन टू वन ट्रेफिक के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि सर्विस रोड पर भी अतिक्रमण हटायें। इसके लिये आवश्यकता हो तो मैं और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने एसडीएम मुरैना को निर्देश दिये कि नगर निगम के सहयोग से मुरैना शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलायें। ठेलों को शिफटिंग करने की प्लानिंग कराई जाये। इसके लिये ट्रेफिक व्यवस्था का भी सहयोग लिया जाये। कलेक्टर ने कहा कि बरसात को ध्यान में रखते हुये अपने-अपने क्षेत्रों में नगरीय निकायों के माध्यम से नाले-नालियों की साफ-सफाई करायें ताकि पानी जमा न हो सके। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन साल में तीन से पांच वर्षों में उन गांवों को चिन्हित करें जहां विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैली हुई थीं वहां ग्रामीणों के बीच बैठकर चैपाल लगायें, साफ-सफाई के महत्व को समझायें, पंचायत के माध्यम से सफाई अभियान चलायें, स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से दवाईयों को छिड़काव करायें।

### बाढ़ प्रभावित 89 गांव में अधिकारियों को मोबाइल नंबर अंकित करायें

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि पिछले वर्षो में चंबल व अन्य नदियों से 89 गांव बाढ़ की चपेट में आये थे। उन गांवों को अभी से चिन्हित करके अधिकारियों के मोबाइल नंबर अंकित करायें जिसमें पंचायत सचिव, जीआरएस, तहसील कंट्रोल रूम, संबंधित थाने का नंबर, स्वास्थ्य कर्मचारी का नंबर, पटवारी का नंबर, तहसीलदार का नंबर अंकित होना चाहिये। इस प्रकार के लिखावट किये हुये फोटोग्राफ अपने-अपने पास मंगवाया जाना सुनिश्चित करें।

# अम्बाह विधानसभा में संगठन सृजन अभियान लेकर कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

**अम्बाह।**

जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के तत्वाधान में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आज अम्बाह विधानसभा की बैठक श्री राम वाटिका में आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री जी. रुद्र राजू, महेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव,मधुराज सिंह तोमर, विधायक देवेंद्र सखवार, रविन्द्र तोमर भिडोसा,उमाचरण कटारे,दलबीर सिंह तोमर एवं श्री चंद उपाध्याय सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।



बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भागीदारी और स्थानीय मुद्दों पर संवाद हुआ। सभी वक्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष, महिला मोर्चा, मीडिया विभाग, और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया और एकजुट होकर आगामी चुनौतियों का सामना करने की प्रतिबद्धता जताई।

# एक्युप्रेशर शिविर में उमड़ी भीड़, प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति बढ़ा भरोसा

**अम्बाह।**

नगर की शाखा सभा द्वारा आयोजित निःशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर लोगों को नई आशा और स्वास्थ्य लाभ दे रहा है। माथुर वैश्य धर्मशाला में आयोजित इस शिविर में तीसरे चौथे दिन 100 से अधिक नागरिकों ने पहुंचकर विविध रोगों के लिए परामर्श और उपचार लिया।

शिविर में बिना दवाओं के, केवल शरीर के विशिष्ट बिंदुओं पर दबाव डालकर उपचार किया जा रहा है। एक्युप्रेशर पद्धति से मधुमेह, गठिया, पीठ और घुटनों के दर्द, अनिद्रा, थकान व तनाव जैसे रोगों में राहत मिल रही है।इस दौरान श्रीमती गीता विजय गुप्ता ने बताया



यह पद्धति शरीर को स्वयं उपचार के लिए प्रेरित करती है। न दवा, न सुई – केवल सही तकनीक से रोगों की जड़ तक पहुंचा जाता है। आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में यह बहुत कारगर और सुरक्षित माध्यम है।

हरेंद्र गुप्ता, शाखा सभा अध्यक्ष ने कहा हमारा उद्देश्य केवल इलाज नहीं, बल्कि लोगों को यह समझाना है कि स्वास्थ्य एक जीवनशैली है। जब लोग प्राकृतिक चिकित्सा को समझते हैं, तो वे अपने जीवन में स्थायी परिवर्तन लाते हैं।श्रीमती सीमा गुप्ता ने कहा- शिविर में बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक की सहभागिता देखकर यह लगता है कि समाज अब रसायनमुक्त और संतुलित चिकित्सा पद्धतियों को महत्व देने लगा है।÷आयुष गुप्ता (स्वयंसेवक) ने कहा-सेवा का यह कार्य देखकर गर्व होता है कि हम न सिर्फ बीमारी में मदद कर रहे हैं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन की दिशा में मार्गदर्शन भी दे रहे हैं।

### किशोरी गुप्ता का कहना था

शिविर में जो सकारात्मक ऊर्जा और संतोष दिखाई देता है, वह इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा में किया गया प्रयास लोगों के जीवन को बदल सकता है।

शिविर संचालन में हरेंद्र गुप्ता, श्रीमती गीता विजय गुप्ता, श्रीमती गीता राजू गुप्ता, सीमा गुप्ता, आयुष गुप्ता, किशोरी गुप्ता और रोहित गुप्ता मौजूद रहे।

# दो दिवसीय फिजियोथैरेपी कैंप 14-15 को अम्बाह में ?

**अम्बाह।**

संजीवनी संस्था द्वारा आचार्य आनंद क्लब के सहयोग से दो दिवसीय फिजियोथैरेपी कैंप 14-15 जून को अंबाह ब्राइट कैरियर स्कूल में प्रातः 9ः00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। कैंप में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ सुशील कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी संजीवनी संस्था के समन्वयक एन एस पी नरेश परमार और आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष अरविंद मावई ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में हड्डी जोड़ दर्द, पीठ, कमर , गर्दन, कंधे की जकड़न और दर्द एवं एक्सीडेंट के बाद फिजिकल एक्सरसाइज, लकवा पैरालिसिस, आदि के मरीजों का फिजियोथैरेपी पद्धति से उपचार किया जाएगा। व्यवस्थापक सुधीर आचार्य एवं आचार्य आनंद टीम के सभी सदस्यों ने अंचल वासियों से फिजियोथैरेपी का लाभ लेने की अपील की है।

# अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जी की प्रतिमा को स्नान करा दी पुष्पांजलि

**अम्बाह ।**

स्वतंत्रता संग्राम के अमर योद्धा पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जी की 128वीं जयंती के अवसर पर आज समाज सेवी अचार्य आनंद टीम के सुधीर आचार्य, अरविन्द मावई, विश्वनाथ गुर्जर, बालकृष्ण शर्मा, महेंद्र सखबार और दुष्यंत सिंह तोमर द्वारा नगर पालिका चौराहा स्थित बिस्मिल पार्क और प्रतिमा की साफ सफाई की गई .इसके बाद प्रतिमा को जल स्नान कराया गया और समाजसेवियों ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की. इस अवसर पर समाज से भी सुधीर आचार्य ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हमारे वीर सपूत पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और उनके साथियों की भी प्रमुख भूमिका रही है आंचल की पीढ़ी के लिए यह परम सौभाग्य की बात है की पंडित रामप्रसाद बिस्मिल जी पैतृक रूप से इस अंचल के रहे. आज़ युवाओं में बिस्मिल जी जैसी देशभक्ति और अपने कार्य के प्रति समर्पण एवं लगन की आवश्यकता है। उनकी 128वीं जयंती पर हम सभी उन्हें अपनी पुष्पांजलि अर्पित करते हैं।



# प्रियंका की हत्या के मामले में 6 लोगों पर मामला दर्ज

**नगर संवाददाता**

मुरैना। सिविल लाइन थाना अंतर्गत सिकरौदा नहर के पास रहने वाले फौजी ससुर ज्ञान सिंह गुर्जर ने अपने बेटे की 25 वर्षी पत्नी प्रियंका की दो गोली मार कर हत्या कर दी और फरार हो गया। इस मामले में पुलिस द्वारा ज्ञान सिंह सहित 6 लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है।थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रियंका की हत्या के मामले में आरोपी ज्ञान सिंह गुर्जर, धुआंराम गुर्जर, सुब्बाराम गुर्जर, गीताराम गुर्जर, ध्रुव गुर्जर, नरेंद्र गुर्जर के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक प्रियंका गुर्जर 25 वर्ष बेवा अजय गुर्जर अपने पति के निधन के बाद से मायके में रहने लगी थी। प्रियंका को तीन बच्चे हैं, जिसमें बड़ी बेटी 6 साल की दो छोटे बच्चे 3 साल बाद 2 साल के हैं स अजय की 1 साल पहले एवं उसके बड़े भाई की 8 महीने पहले मौत हो जाने से घर की दोनों बहु विधवा हो गई थी। अजय की मां भी जिंदा नहीं है, इसलिए प्रियंका मायके में रहा करती थी। बताया जाता है कि ससुर ज्ञान सिंह गुर्जर का स्वभाव चिड़चिड़ा टाइप का था। प्रियंका किसी कारण से 4 दिन पहले ही मायके से ससुराल पहुंची थी। बुधवार को ससुर से कोई बात हो गई तो गुस्से में आरोपी ज्ञान सिंह ने बहु पर तीन राउंड फायर किए, जिससे दो गोली उसके सीने में लगी और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



# अंबाह में नरेंद्र सिंह तोमर के जन्मदिवस पर भक्ति, सेवा और एकता का संगम

### वृछारोपण, सुंदरकांड का पाठ आयोजित हुआ,हजारों लोगों ने लिया भंडारे में प्रसाद

**अंबाह।**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के जन्मदिवस पर नगर पालिका परिषद अंबाह द्वारा सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन हुआ। अध्यक्ष श्रीमती अंजलि जैन और जिनेश जैन के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में संत श्री ऋषि महाराज जी द्वारा सुंदरकांड का शुभारंभ किया गया, जिसमें 3 घंटे तक भजन-कीर्तन हुए।

कार्यक्रम में लगभग दस हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वही नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा 'कल्ला' के मार्गदर्शन में भाजपा नगर मंडल ने सिविल अस्पताल में फल वितरण और चौधरी वेयरहाउस पर शीतल प्याऊ व शरबत सेवा की।

बच्चू लाल गुप्ता विजय गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक सेवा और भाईचारे की मिसाल भी बना।



# उर्वरक गुण नियंत्रण अंतगत 10 जून से 10 अगस्त तक चलेगा सघन अभियान

**नगर संवाददाता**

मुरैना। प्रदेश में खरीफ-2025 में 10 जून, 2025 से 10 अगस्त, 2025 तक उर्वरक गुण नियंत्रण अंतर्गत सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी संचालन हेतु जिला स्तर से एक सहायक संचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा संबंधित विकासखण्ड से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/कृषि विकास अधिकारी का दल का गठन करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में उपसंचालक कृषि पीसी पटेल के नेतृत्व में दल गठित किया गया है, जिसमें प्रभारी अधिकारी सहायक संचालक अनंत बिहारी सडैया सहायक के रूप में संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जिला परामर्शदाता और कृषि विस्तार अधिकारी दल में रहेंगे।

### दल उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण का इस प्रकार करेंगे निरीक्षण

उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत निहित प्रावधानों के अनुसार नमूने लिये जाये, सीधे सूर्य के प्रकाश, बारिश के स्थान से सैम्पलिंग न करें, सैम्पलिंग उपकरण पूरी तरह साफ हों, एक ही ग्रेड के विभिन्न निर्माताओं के उर्वरकों का आपस में मिश्रण न करें। एक ही निर्माता तथा एक ही ग्रेड परंतु अलग-अलग बैच के उर्वरकों को आपस में मिश्रित न करें। जैव उर्वरक के नमूने हेतु मूल पैकेट को, मूल रूप में बिना खोले निर्मता/विक्रेता कंपनी की पहचान छुपाते हुए प्रयोगशाला को भेजा जाये। प्रत्येक प्रकार के जैव उर्वरकों का बैचवार, लॉटवार नमूने लिए जावें, जिलें में उपलब्ध सभी उर्वरकों (रासायनिक, मिश्रित उर्वरक, माईक्रोन्यूट्रियेंट, जैव उर्वरक, कार्बनिक उर्वरक, आदि) के नमूने समस्त निर्माण ईकाईयों, भण्डारण केंद्रो तथा विक्रय केंद्रो का निरीक्षण कर लिये जावे। नमूना लेने के समय उर्वरक स्कंध की मात्रा, बैच नंबर/लॉट नंबर आदि का रिकार्ड रखा जाना चाहिए।

# नाली के विवाद पर चली गोलियां, एक घायल ग्वालियर रेफर

**नगर संवाददाता**

मुरैना। जिले के सराय छोला थाना अंतर्गत पिपरई धुंआराम का पुरा गांव में नाली के पानी को निकालने के विवाद पर तीन आरोपियों ने एक युवक पर गोलियां चला दी, जिससे वह घायल हो गया और उसे ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी केके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की सुबह 8:00 बजे पिपरई धुंआराम का पुरा गांव में नाली के विवाद पर आरोपी वकील सिंह गुर्जर, मोहर सिंह गुर्जर, श्रीराम गुर्जर ने फरियादी पंजाब सिंह गुर्जर पर गोलियां चला दी, जिससे वह घायल हो गया, वहीं एक वृद्ध को डंडा मार कर घायल कर दिया गया। पंजाब सिंह को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपीगण मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा। फिलहाल पुलिस द्वारा पंजाब सिंह की रिपोर्ट पर से तीनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 जून को इंदौर आएंगे

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को इंदौर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 जून को प्रातः 10.40 बजे इंदौर पहुंचेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 12 बजे इंदौर से जबलपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### अनिवार्य होगी ई-ऑफिस प्रणाली

इंदौर। संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई 2025 तक सभी संभागीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण व संसाधनों की व्यवस्था कर चरणबद्ध रूप से कार्ययोजना लागू की जाए। बैठक में टीएल पत्रों की समीक्षा भी की गई। ई-ऑफिस से पारदर्शिता, समयबद्धता और कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा।

### लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान 26 जून को

इंदौर। 26 जून को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर आपातकाल दिवस के अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि रहेंगे। प्रभारी कलेक्टर गौरव बैनल ने बताया कि जिले के सभी लोकतंत्र सेनानियों एवं दिवंगत सेनानियों के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया है।

### क्रिकेट प्रेमी 14 वर्षीय गुमशुदा बालक मिला

इंदौर। क्रिकेट के शौकीन 14 वर्षीय बालक को हीरानगर पुलिस ने भोपाल से दस्तयाब किया। वह बिना बताए घर से चला गया था। परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया। थाना प्रभारी पी.एल. शर्मा व टीम ने सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ से बालक को खोजा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई कर परिजनों को बालक सौंपा गया।

### बाल श्रम रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान

इंदौर। विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर जिला टास्क फोर्स ने जागरूकता अभियान चलाया। मोती तबेला, राजवाड़ा, सराफा क्षेत्रों में लोगों को बाल श्रम कानूनों की जानकारी दी गई। नियोजकों को बाल श्रमिक न रखने की शपथ दिलाई गई। अधिनियम उल्लंघन पर 50 हजार तक जुर्माना और 2 वर्ष की सजा का प्रावधान बताया गया। अभियान में श्रम विभाग और सामाजिक संस्थाएं शामिल रहीं।

### सड़क हादसे में निगमकर्मी की मौत

इंदौर। सड़क हादसे में निगमकर्मी की मौत हो गई। हादसा हातोद इलाके में हुआ, यहां तेज रफ्तार लोडिंग वाहन की टक्कर से बाइक सवार निगमकर्मी की मौत हो गई। मृतक का नाम राहुल पिता पर्वत सिंह (35) निवासी फुलकराड़िया हातोद हैं। मृतक के परिजन राकेश ने बताया कि राहुल नगर निगम जोन 8 में वाहन प्रभारी के पद पर कार्यरत हैं। वह कल डयूटी जाने के लिए निकले थे तभी तेज रफ्तार 407 लोडिंग वाहन ने राहुल की बाइक को टक्कर मार दी।वाहन चालक का पीछा भी किया गया लेकिन वह भाग निकला। राहुल को हादसे के बाद घायल हालात में अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस केस दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश कर रही हैं।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

इंदौर। एक युवती को शादी का झांसा देकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। मामले में विजय नगर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर वैभव पिता धनंजय चव्हाण निवासी अकोला महाराष्ट्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने उसके साथ विजय नगर इलाके की एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। फिर वह धमकाने लगा और कई बार दुष्कर्म किया। जब उसने शादी करने को कहा तो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। बोला कि वह पहले से शादीशुदा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व ब्लैकमेल कर जान से मारने की धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

### नारकोटिक्स विंग ने पकड़ा ड्रग्स तस्कर

इंदौर। नारकोटिक्स विंग ने मांगलिया सेंटर पाइंट के पास ब्रिज के नीचे खड़े आगर मालवा के एक तस्कर अरबाज खान पिता सरफराज खान को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल तथा 1,53,000 मूल्य की एमडी ड्रग्स जब्त की। डीएसपी संतोष सिंह को खबर मिली थी कि सेंटर पाइंट के पास रात 2 बजे कोई तस्कर खड़ा है। जो किसी को माल देने आया है। इस पर उन्होंने नारकोटिक्स विंग की एक टीम को मौके पर भेजा। टीम ने आरोपी को घेरा तो वह भागने लगा। इस पर उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि वह इंदौर में किसी को ड्रग्स देने आया था और ग्राहक का इंतजार कर रहा था तभी नारकोटिक्स विंग ने उसे पकड़ लिया।

### करंट लगने से इलेक्ट्रिशीयन की मौत

इंदौर। कपड़ा मार्केट में काम करने के दौरान एक इलेक्ट्रीशियन की करंट लगने से मौत हो गई। सराफा पुलिस ने बताया कि चंदन नगर निवासी अरशद पिता अय्यूब के शव का एमवाय अस्पताल में पीएम हुआ। वह इलेक्ट्रीशियन था। कपड़ा मार्केट में हर्ष नामक दुकानदार की दुकान पर वह ठेकेदार कलीम के साथ बिजली फिटिंग का काम करने गया था। इस दौरान लोहे की सीढी में फैला करंट अरशद को लगा उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

---

**मौसम ने बदला मिजाज, आंधी से जनजीवन किया अस्त-व्यस्त, बिजली हुई गुल**

# आंधी-तूफान का कहर, दर्जनो पेड़ धराशायी, वाहन हुए क्षतिग्रस्त

**इंदौर।** भीषण गर्मी और उमस के बीच गुरुवार शाम मौसम ने करवट ली और शाम 5 बजे आई तेज आंधी ने शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। रिंगरोड और शहरी इलाके में दर्जनो पेड़ टूट गये, कुछ पेड़ वाहनो के उपर गीरे जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। कई जगह बिजली के खंबे टूटने से बिजली गुल हो गई । दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए और कुछ लोग घायल भी हो गये। निगम व बिजली विभाग की टीमें राहत कार्य में जुटीं और रोड़ पर गीरे पेड़ो को एक तरफ किया। तब जाकर ट्राफिक सामन्य हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक यह अचानक बदला मौसम चक्रवातीय दबाव का असर है।







### 12 स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली हुई गुल, बिजली कंपनी की बड़ी मुसीबत

तेज आंधी और बारिश ने शहर के 11 केवी के कुल 560 फीडरों में से 60 फीडर बंद हो गए। शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने बताया कि पांचों डिविजनों की निम्न व उच्च दाब टीमों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। मौसम की मार का सबसे बड़ा कारण 12 स्थानों पर पेड़ों की बड़ी डालियां या पूरा पेड़ गिरना रहा, जिससे ट्रांसफार्मरों व लाइनों को नुकसान पहुंचा। इसी दौरान पोलोग्राउंड स्थित चंबल ग्रिड में तकनीकी खराबी के चलते आधे घंटे तक आपूर्ति ठप रही, जिसे ट्रांसमिशन कंपनी के सहयोग से जल्दी दुरुस्त किया गया। करीब 600 कर्मचारी और 30 इंजीनियर लगातार व्यवस्था संधारण में जुटे रहे।



### तीन दिन बाद मानसून के आने की संभावना

मध्य प्रदेश में मानसून इन दो दिन के अंदर आमद दे सकता है। गर्मी से लोग परेशान हैं और मानसून की राह तक रहे हैं। पिछले 14 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा हुआ है। इस वजह से प्रदेश में इसकी एंट्री लेट हो रही है। हालांकि बुधवार को मानसून की हलचलें तेज हुईं है। इससे मौसम विभाग ने 14-15 जून को मध्य और पूर्वी भारत के हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रवेश करने की संभावना जताई है।

---

**राज्य सायबर सेल इंदौर की कार्रवाई**

# क्रेडिट कार्ड से की गई 71 हजार की ऑनलाइन ठगी का खुलासा

**फरियादी को पूरी राशि वापस दिलाई गई**

**इंदौर।** राज्य सायबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के एक पुराने मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। फरियादी के आरबीएल बैंक क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर निकाली गई 71,625 रुपये की पूरी राशि उसे वापस दिलाई गई है।

#### क्या है मामला?

पुलिस अधीक्षक राज्य सायबर सेल इंदौर सव्यसाची सराफ ने बताया यह मामला वर्ष 2019 का है, जब इंदौर निवासी फरियादी विवेक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके क्रेडिट कार्ड से छह बार में कुल 71,625 रुपये की राशि फेसबुक एड्स पर ऑनलाइन खर्च कर दी गई।

राज्य सायबर सेल इंदौर ने शिकायत क्रमांक 90/2019 के आधार पर जांच शुरू की और उसके बाद अपराध क्रमांक 138/2019 दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 तथा आईटी एक्ट की धारा 66 सी और 66 डी के तहत मामला विवेचना में लिया गया।



#### ऐसे हुई जांच?

जांच के दौरान फेसबुक और आरबीएल बैंक से प्राप्त तकनीकी जानकारी के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि ठगी की गई राशि जयपुर, राजस्थान निवासी पंकज मीणा की फेसबुक आईडी पर ट्रांसफर की गई थी।

#### अपराध स्वीकार!

आरोपी को समन भेजकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। सायबर सेल की टीम ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त सिम कार्ड बरामद किया। अपराध की सजा सात वर्ष से कम होने के कारण आरोपी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 (क) के तहत नोटिस देकर न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत की गई। इस पूरे मामले में फरियादी को उसकी संपूर्ण राशि 71,625 रुपये वापस मिल गई है। यह कार्रवाई यह साबित करती है कि पुराने साइबर अपराधों में भी उचित तकनीकी जांच और सतर्क पुलिस कार्यप्रणाली से पीड़ितों को न्याय और राहत मिल सकती है।

---

**सीईओ की सख्ती असर**

### अधिकारी वक्त पर पहुंचे कार्यालय

इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) के सीईओ रामप्रकाश अहिरवार की सख्ती का असर अब खुलकर दिखने लगा है। सोमवार को अधिकारियों की लापरवाही पर नाराज़गी जताने और उनकी क्लास लगाना के बाद से अब सुबह 10.30 बजे एकल खिड़की सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुँच रहे है। अहिरवार की कार्यशैली से आमजन संतुष्ट हैं। सीईओ बिना झिझक आम नागरिकों से कार्यालय में और फील्ड में मुलाकात कर उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण कर रहे हैं। खास बात यह कि किसी भी काम को लंबित नहीं रखने की नीति पर अमल करते हुए वे लापरवाह अधिकारियों को शिकायतकर्ता के सामने फाइल सहित तलब कर रहे हैं। उनके इस रवैये से कुछ अधिकारी और कर्माचारियों की दुकान बंद होती दिखाई दे रही है। फिलहाल आईडीए की कार्यसंस्कृति में अनुशासन और गति दोनों आई है।



---

**सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र से हुआ खुलासा**

# दुकान में नकबजनी का खुलासा, पूर्व नौकर बेनकाब, 4 गिरफ्तार

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक ऐसेसरीज दुकान से 2 लाख 80 हजार रुपये चोरी के मामले में पुलिस ने पूर्व नाबालिग नौकर और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से ताला तोड़कर अलमारी से रुपये चुराए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर चारों को धरदबोचा और 2 लाख 52 हजार रुपये की रकम बरामद कर ली। मामले में थाना प्रभारी राजकुमार यादव और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित मैकेनिक नगर में एक ऐसेसरीज दुकान में 10 जून की रात नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया गया था। फरियादी खुजेमा सनावदवाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दुकान की अलमारी से 2.80 लाख रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके की सीसीटीवी फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच में खुलासा हुआ कि वारदात में दुकान का पूर्व नाबालिग नौकर शामिल था, जिसने वर्तमान में काम करने वाले नाबालिग के जरिए जानकारी जुटाई और अपने तीन साथियों के साथ योजना बनाई।



पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 लाख 52 हजार रुपये बरामद किए। आरोपी आशु उर्फ अंशुल मीणा (19 वर्ष) के कब्जे से 99 हजार, अन्य नाबालिग साथियों से क्रमशः 70, 74 और 9 हजार रुपये बरामद हुए।

---

# फ्लेट में मिला युवक का शव

**इंदौर।** एक फ्लैट से बदबू आने पर आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ने किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर एक युवक का शव मिला, जो करीब तीन से चार दिन पुराना है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र का। टीआई तारेश सोनी ने बताया कि सिंगापुर टाउनशिप के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बी ब्लाक के एक फ्लैट से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पहले तो फ्लैट का दरवाजा खटखटाया मगर अंदर से सिकी ने दरवाजा नहीं खोला तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जैसे तैसे दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो युवक का डीकंपोइ्ड शव पड़ा था। पास में सिगरे का पैकेट और अन्य नशीले पदार्थ भी पड़े थे।

**तीन दिन से पड़ोसियों ने नहीं देखा-** युवक की पहचान उत्कर्ष पिता नरेशसिंह सेंगर के रूप में हुई। उसे तीन दिन से पड़ोसियों ने नहीं देखा जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि तीन दिन पहले उसकी मौत हुई होगी उसकी मौत कैसे हुई यह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज प्रताड़ना से तंग आकर दी जान

**इंदौर।** एक नवविवाहिता की फांसी लगने से हुए मौत में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की तो पता चला कि उसका पति दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित करता था। इसके चलते तंग आकर महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक गत 14 अप्रैल को दूधिया निवासी प्रिया पति सागर जाट(23) ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। डीएसपी देहात उमाकांत चौधरी ने मर्ग जांच की। जांच में पता चला कि मृतका प्रिया को उसका पति सागर दहेज की मांग को लेकर लगातार परेशान करता था। मारपीट भी करता था। इसी से दुखी होकर प्रिया ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने जांच के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

---

**सगाई में पहुंचे युवक ने किया हंगामा**

# दूसरे से सगाई की तो जान से मार दूंगा

**इंदौर।** एक युवती के सगाई कार्यक्रम में पहुंचे युवक ने हंगामा कर दिया और धमकाया कि किसी और से सगाई की तो जान से मार देगा। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

गांधीनगर पुलिस के मुताबिक पीड़िता की शिकायत पर आरोपी विनीत सिंह गुर्जर निवासी प्लेटेनियम पैराडाइज के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मेरी सगाई का कार्यक्रम चल रहा था तभी आरोपी विनीत यहां आया और सबके सामने बोला कि हमारी शादी हो चुकी है। अगर तुम किसी और से सगाई करोगी तो मैं जान से खत्म कर दूंगा। मुझे गालियां देने लगा। मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने मारपीट की। पुलिस ने आरोपी को गिरतार कर लिया है।

### यहां पूर्व प्रेमी ने युवती को धमकाया

एरोड्रम इलाके में एक युवती के घर पहुंचे पूर्व प्रेमी ने दरवाजा नहीं खोलने पर गालियां देते हुए दरवाजे को लातें मारी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थाना एरोड्रम पुलिस ने 26 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी केशव पिता मोहन प्रेमचंदानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मेंरा पुराना प्रेमी केशव पुरानी बात को लेकर परेशान करने के उद्देश्य से मेरे घर के बाहर आया और दरवाजा खटखटाया नहीं खोलने पर गेट पर लातें मारी और गालियां दी। मना करने पर वह जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

---

**साइबर अवेयरनेस अभियान की 800 वीं कार्यशाला**

# डिजिटल युग में सतर्कता ही बचाव इंदौर पुलिस ने दी व्यवहारिक जानकारी



**इंदौर।** पुलिस का साइबर अवेयरनेस महाअभियान लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। मंगलवार को अति. डीसीपी (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने 800वीं कार्यशाला आयोजित कर 150 आईटी प्रोफेशनल्स को साइबर अपराधों की बारीकियां बताईं। आधुनिक तकनीकी युग में ऑनलाइन फ्रॉड, फाइनेंशियल ठगी और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से जुड़ी केस स्टडीज साझा कर सतर्क रहने का संदेश दिया। इंदौर पुलिस अब तक 800 से अधिक संस्थानों, स्कूल-कॉलेज और कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम कर चुकी है। दंडोतिया ने कहा नई तकनीकें नई चुनौतियां लाएंगी, जिनसे लड़ने के लिए जागरूक रहना अनिवार्य है।

---

**मध्यप्रदेश के पहले जलाशय मत्स्य उत्पादन एवं प्रसंस्करण केंद्र का उद्घाटन भी होगा**

# आज अंतर्देशीय मत्स्य पालन एवं जल कृषि बैठक, 20 राज्यों के मंत्री होंगे शामिल

**इंदौर।** देश के उन राज्यों में जहाँ समुद्र नहीं है, वहाँ मत्स्य उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतर्देशीय मत्स्य पालन एवं जलकृषि बैठक का आयोजन शुक्रवार 13 जून को प्रातः 9 बजे इंदौर स्थित उत्कृष्ट सम्मेलन केंद्र में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत भोपाल के समीप हलाली में निर्मित राज्य के पहले जलाशय मत्स्य उत्पादन एवं प्रसंस्करण केंद्र का उद्घाटन इसी अवसर पर किया जाएगा।

इस राष्ट्रीय बैठक में देश के 20 राज्यों के मत्स्य पालन मंत्री भाग लेंगे, जिनमें उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा सहित अन्य राज्य शामिल हैं। बैठक में भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग के प्रमुख सचिव, सह सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

#### तकनीकी सत्रों में होगी उन्नत तकनीकों पर चर्चा

बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की संस्थाओं द्वारा जलाशयों, नदियों और तालाबों में आधुनिक मत्स्य पालन, शीतल जल में मछली पालन और जलाशय पट्टा नीति जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मछली पालन में अपनाई जा रही नई वैज्ञानिक विधियाँ भी प्रस्तुत की जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में मछुआरों की आय बढ़ाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये जल क्षेत्र के कुशल प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है। सिवनी जिले को देश का श्रेष्ठ अंतर्देशीय मत्स्य जिला घोषित किया जा चुका है तथा बालाघाट की प्राथमिक मत्स्य सहकारी संस्था को भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल चुका है।


#### प्रदर्शनी और लाभ वितरण भी होगा

कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को मत्स्य सहकारी समितियों, मछुआरा उत्पादक संगठनों, नवाचार करने वाले युवाओं एवं पारंपरिक मछुआरों को पहचान पत्र, किसान ऋण पत्र और जलकृषि बीमा योजनाओं के लाभ वितरित किए जाएंगे। इंदौर में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी होगा, जिसमें राज्य के जलकृषि पार्क, नवीन पद्धतियाँ जैसे पिंजरा पद्धति और पुनर्चक्रण आधारित जलकृषि प्रणाली के नमूने प्रदर्शित किए जाएंगे।

---

**पाल इलेक्ट्रोनिक्स**

हमारी दुकान है खास क्योंकि सभी कम्पनियों की रिपेयरिंग है हमारे पास



ई रिक्शा, बैट्री चार्जर, बैट्री विक्रय एवं मरम्मत

कृषि रक्षा हेतु खटका मशीन निर्माण एवं रिपेयरिंग

*हर कोई ने ठाना है, पाल की दुकान है जाना*

सम्पर्क :-

प्रो.: सुरेश पाल मिस्त्री
मोबा. 7000576960
सन्तोष कनकने के पास, रामगढ़ पुल डबरा

# भारतीय टीम को खलेगी विराट कोहली की कमी- इंग्लैंड के उप-कप्तान ओली पोप

**नई दिल्ली।**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, फैंस के मन में उत्सुकता उतनी बढ़ती जा रही है। इस सीरीज की शुरुआत 20 जून से होगी। भारतीय टीम नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में इस सीरीज में उतरेगी और सभी खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। इस दौरान टीम इंडिया भारत-ए टीम के खिलाफ एक इंट्रा स्क्वॉड मैच भी खेलेगी। हालांकि, काफी समय बाद ऐसा होगा कि किसी टेस्ट सीरीज में विराट कोहली, रोहित शर्मा, रविचंद्रन अश्विन नहीं खेलते दिखेंगे।

### कोहली की चमक की कमी खलेगी

रोहित और कोहली ने टेस्ट को अलविदा कह दिया है तो वहीं अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इसके अलावा मोहम्मद शमी को भी इस दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप का मानना है कि शुभमन गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम में काफी गहराई और प्रतिभा है, लेकिन 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज के दौरान टीम इंडिया को विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।



### चयनकर्ताओं ने युवा टीम का चयन किया

कोहली और रोहित जैसे दिग्गजों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत ने इस हाई-प्रोफाइल सीरीज के लिए युवा टीम का चयन किया है। पोप ने 'टॉकस्पोर्ट' क्रिकेट से कहा, %यह एक युवा टीम है, लेकिन इन भारतीय खिलाड़ियों में बहुत गहराई और प्रतिभा है। इसलिए उनके पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं। बहुत से अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके नए कप्तान शुभमन गिल एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्हें स्लिप में खड़े होकर चहकने वाले विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।

### भारतीय टीम के पास कुछ अच्छी प्रतिभाएं

उन्होंने कहा, %लेकिन उनके पास कुछ अच्छी प्रतिभाएं हैं इसलिए वे आत्मविश्वास से भरे होंगे। लेकिन हमारे खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।% भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। 2011, 2014 और 2018 में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि 2021-22 की सीरीज ड्रॉ रही। पोप ने आगामी सीरीज को इस साल के अंत में होने वाली एशेज की इंग्लैंड की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बताया।

न्यूयॉर्क के एक गोल्फर के नाम विश्व रिकॉर्ड

## लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर रचा कीर्तिमान

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकार्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

एजीही ने इसके बाद पूरी प्रतिबद्धता दिखाई तथा बारिश, थकान और पैरों में दर्द के बावजूद हार नहीं मानी और आखिर में ब्रिटेन के आइजैक रोलैंड्स को पीछे छोड़ने में सफल रहे। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मैं विश्व चैंपियन हूं। यह एक ऐसा अवसर है जो बहुत से लोगों को नहीं मिलता। यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं भविष्य में अपने बच्चों और अपने पोते पोतियों को जरूर बताऊंगा।



अपने दोस्तों, टॉर्च और अंधेरे में चमकने वाली गोल्फ गेंदों के साथ 27 वर्षीय एजीही ने रविवार को शाम लगभग 6:30 बजे हंटिंगटन क्रीसेंट क्लब में खेलना शुरू किया और मंगलवार सुबह 5:30 बजे के बाद अपना अंतिम पुट लगाया। इस बीच उन्होंने कुल 126 होल खेले। उन्होंने बताया कि उनके दोस्तों ने पूरे खेल का वीडियो बनाया और अन्य लोगों ने गवाह के तौर पर काम किया ताकि इसे गिनीज रिकॉर्ड की मंजूरी मिल सके। गिनीज के नियमों के तहत उन्हें हर घंटे पांच मिनट का ब्रेक दिया गया। यही नहीं उन्होंने नियमों का पालन करते हुए हर राउंड के आखिर में 20 मिनट का ब्रेक भी लिया।लंदन स्थित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रवक्ता काइली गैलोवे ने कहा कि संस्था के विशेषज्ञों को सबूतों की समीक्षा करने और यह घोषित करने में 12 से 15 सप्ताह लगते हैं कि कोई रिकॉर्ड बनाया गया है या नहीं। उन्होंने कहा कि अभी किसी के भी नाम पर सबसे लंबे समय तक लगातार गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड दर्ज नहीं है और जो कोई भी आवेदन करता है उसे कम से कम 24 घंटे खेलना चाहिए।

डब्ल्यूटीसी 2023-25: भारतीय टीम तीसरे स्थान पर

# पाकिस्तान से तीन गुना ज्यादा राशि मिलेगी भारत को

**नई दिल्ली।**

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में चार विकेट गंवाकर 43 रन बना लिए हैं। वहीं, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 212 रन बनाए थे। आईसीसी ने इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए प्राइज मनी में बढ़ोतरी की थी। इस साल विजेता टीम तो मालामाल होगी ही, साथ ही उपविजेता टीम को भी साल 2023 में विजेता टीम को मिली राशि से ज्यादा रुपये मिलेंगे।

हालांकि, क्या आपको पता है कि इस चक्र में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम पर भी पैसों की बरसात होगी। उन्हें भी जितनी राशि मिलेगी, वह 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की राशि के करीब है। वहीं, इस चक्र में सबसे फिसड्डी रही पाकिस्तान की टीम को सबसे कम राशि मिलेगी। डब्ल्यूटीसी में नौ टीमें हिस्सा लेती हैं और अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष दो पर रहने वाली टीम फाइनल खेलती है।

### विजेता-उप-विजेता को कितनी राशि?

आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्कण से दोगुनी है। इस बार



विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी 30.79 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डॉलर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी उप विजेता को 2.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे।

### भारतीय टीम को इतने रुपये मिलेंगे

वहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर टीम इंडिया रही थी। उन्हें इनाम के तौर 1.4 मिलियन डॉलर यानी 12.31 करोड़ रुपये मिलेंगे। चौथे स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम रही और उन्हें 1.2 मिलियन डॉलर यानी 10.26 करोड़ रुपये मिलेंगे। पांचवें स्थान पर इंग्लैंड की टीम रही और उन्हें 0.96 मिलियन डॉलर यानी 8.20 करोड़ रुपये मिलेंगे। छठे स्थान पर श्रीलंका की टीम रही और उन्हें 0.84 मिलियन डॉलर यानी 7.18 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### पाकिस्तान को मिलेंगे इतने रुपये

सातवें स्थान पर रहने वाली बांग्लादेश की टीम को 0.72 मिलियन डॉलर यानी 6.15 करोड़ रुपये, आठवें स्थान पर रहने वाली वेस्टइंडीज टीम को 0.6 मिलियन डॉलर यानी 5.13 करोड़ रुपये और सबसे आखिरी यानी नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान की टीम को 0.48 मिलियन डॉलर यानी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। भारत को पाकिस्तान को मिलने वाली राशि से तीन गुना ज्यादा रुपये मिलेंगे।

### राशि बढ़ाने के पीछे आईसीसी का मकसद

आईसीसी के प्राइज मनी को बढ़ाने के पीछे का मकसद टेस्ट क्रिकेट को और रोमांचक बनाना है ताकि टीमें तालिका में ऊपर आने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा करें और बेहतर इनाम जीतने की कोशिश करें। इससे टीमें अंत अंत तक खुद को ऊपर लाने की कोशिश करेंगी। इस 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका की टीम 69.44 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही थी, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम 67.54 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत का अंक प्रतिशत इस चक्र में 50.00 रहा। भारतीय टीम अब अपने 2025-27 चक्र की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी।

## शूटिंग विश्व कप में मनु भाकर फाइनल में पदक से चूकीं

**नई दिल्ली।**

पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर और सीनियर निशानेबाज चैन सिंह ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं के फाइनल में जगह बनाई लेकिन पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके जिससे भारत बुधवार को एक भी पदक नहीं जीत पाया।ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफाइंग दौर में उन्होंने 588 के कुल स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था। चैन सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड में अच्छे स्कोर के आधार पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे।

मंगलवार को भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उसे यह पदक एलावेनिल वलारिवान ने दिलाया था। मनु भाकर ने प्रिसिशन में 290 और रैपिड फायर राउंड में शानदार प्रदर्शन करके 298 अंक हासिल किए थे लेकिन फाइनल में उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा। चीन की सुन युजी ने



38 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की ओह येजिन और यांग जिन ने क्रमशः 36 और 32 अंकों के साथ रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

भाकर तीसरे एलिमिनेशन राउंड से आगे नहीं बढ़ सकीं और उन्होंने 20 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। एशियाई खेलों के पदक विजेता और हाल ही में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाले चैन सिंह ने 592 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। लेकिन फाइनल में वह शुरू में ही लड़खड़ा गए और बाहर होने वाले दूसरे प्रतियोगी बने। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य भारतीय, पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और अंकुश जाधव 587 और 580 अंक लेकर क्रमशः 38वें और 67वें स्थान पर रहे।

# व्यापार

## सोना 300 रुपये उछला, चांदी घटी

**इंदौर।**

कॉमेक्स पर सोना वायदा 33 डॉलर उछलकर 3365 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया। इसके चलते भारतीय बाजारों में सोना केडबरी 300 रुपये बढ़कर 97300 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। वहीं कॉमेक्स पर चांदी वायदा में सटोरियों की बिकवाली से 29 सेंट घटकर 35.96 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। इससे इंदौर में भी चांदी चौरसा 200 रुपये घटकर 102100 रुपये प्रति किलो रह गई। हालांकि बाजार में ग्राहकी दोनों ही धातुओं में कमजोर है। कॉमेक्स पर सोना वायदा बढ़कर 3365 डॉलर तक जाने के बाद ऊपर में 3377 डॉलर और नीचे में 3338 डॉलर प्रति औंस और



चांदी ऊपर में 35.96 डॉलर तक जाने के बाद 36.44 डॉलर और नीचे में 35.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।

**इंदौर के बंद भाव-** इंदौर में सोना केडबरी रवा नकद में 97300 सोना (आरटीजीएस) 99400 सोना 22 कैरेट 91000 रुपये प्रति दस ग्राम रहा। बुधवार को सोना 97000 रुपये पर बंद हुआ। चांदी चौरसा 102100, चांदी आरटीजीएस 105600 चांदी टंच 102500 रुपये प्रति किलो और चांदी सिक्का 1135 रुपये प्रति नग बिका। बुधवार को चांदी 102300 रुपये पर बंद हुई थी।

## मूंग की सरकारी खरीदी शुरू होने की चर्चा, देसी चने में सुधार

**इंदौर।**

ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की आवक मंडियों में खूब होने के कारण कीमतें काफी नीचे आ चुकी है जिसके चलते किसानों में भारी आक्रोष नजर आ रहा है और सरकार पर लगातार दबाव बना रहे है कि ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू की जाए। ऐसी चर्चा है कि मध्यप्रदेश सरकार मूंग खरीदी जल्द ही शुरू कर सकती है लेकिन अभी तक इसकी अधिकृत पुष्टी नहीं हुई है। हालांकि गुरुवार को मूंग में कारोबार सुस्त रहने और आवक खूब होने के कारण भाव कमजोर ही बोले गए लेकिन मध्यप्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की घोषणा करती है तो मूंग के वर्मतान दामों में करीब 400-500 रुपये क्विंटल की तेजी देखने को मिल जाएगी।

चना कांटे में नीचे दामों पर सीमित पूछताछ निकलने और आवक में कुछ कमी के कारण भाव में पुनः सुधार रहा। चना कांटा 50 रुपये बढ़कर 5700-5750, विशाल 5450-5500 रुपये प्रति क्विंटल तक बोला गया।

इधर, काबुली चने में लेवाल सुस्त रहने और आवक में भारी कमी के कारण भाव में नरमी की स्थिति रही। गुरुवार को काबुली चना कंटेनर में करीब 100 रुपये तक टूट गया। आवक 2700 बोरी की बताई गई। अन्य दाल-दलहन में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं रहा।

कंटेनर में डॉलर चना 42/44 10800, 44/46 10500, 50/52 9250, 58/60 8000, 60/62 7900 रुपये प्रति क्विंटल भाव बताए गए।

**दलहन-** चना कांटा 5700-5750, डंकी चना 5000-5100 नया विशाल 5450-5500 काबुली चना 8500-9000, काबुली चना रशियन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर 6050-6100 तुवर नई महाराष्ट्र सफेद 6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, कर्नाटक 6800-6900 तुवर निमाड़ी 6200-6400 मूंग बेस्ट नया 6300-6500, एवरेज 6000-6200 मोगर 5500-5800 उड़द नया गर्मी 6400-7000 उड़द बेस्ट 7200-7400 उड़द मीडियम 6200-6500 हलका 3000-5000 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बताए गए।

**दालों के दाम-** चना दाल 7300-7500 मीडियम 7700-7900 बेस्ट 8000-8100 मसूर दाल 7700-7800 बेस्ट 7900-8000 मूंग दाल 8000-8100 बेस्ट 8400-8600 मूंग मोगर 9300-9400 बेस्ट 9700-9800 तुवर दाल 7300-7400 मीडियम 8500-8700 बेस्ट 9000-9100 ए. बेस्ट 9900-10100, ब्रांडेड व्हाइटरोज तुवर दाल नई 10500 उड़द दाल 8500-8600 बेस्ट 8700-8900 उड़द मोगर 9800-10000 बेस्ट 10100-10200 रु. प्रति क्विंटल।

**इंदौर चावल भाव-** दयालदास अजीतकुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 11000-12000, तिबार 9500-10500, बासमती दुबार पोनिया 8500-90500, मिनी दुबार 7500-8000, मोगरा 5000-7000, बासमती सेला 7000-9500 कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7000।

## इंदौर बाजार भाव

**शकर-** शकर 4100-4120 बेस्ट क्वालिटी 4120-4130, गुड़ कटोरा 4600-4700, लड्डु 5200, गिलास 5000-5200 रुपये क्विंटल।

**नारियल-** नारियल 120 भरती 2600-2650, 160 भरती 2900-3000, 200 भरती 3300-3400, 250 भरती 3400-3500 रुपये प्रति बोरी। खोपरा गोला बाक्स में 265-285 कट्टे में 250 रुपये प्रति किलो बोला गया। खोपरा बूरा 4100-6100 रुपये प्रति (15 किलो)।

**पूजन सामग्री-** देशी कपूर 700 से 710, पूजा बादाम 115 से 125, बेस्ट 220 से 230, पूजा सुपारी 425 से 450, अरीठा 180 रुपये, और सिंदूर (25 किलो) 7450 रुपये। केसर 165 से 175 बेस्ट 190 से 193 रुपये प्रति ग्राम।

**फलाहारी-** साबूदाना सच्चामोती एगमार्क (500) 5350, सच्चासाबु एगमार्क (500 ग्राम) 5500 साबूदाना चक्र एगमार्क 5420, गोपाल लूज (25 किलो) 4790, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम)- 9400 रुपये।

**मसाले-** कालीमिर्च 711 से 715, मिनिमटर 770 से 775, मटरदाना 830 से 835 हल्दी निजामाबाद 170 से 210, हल्दी सांगली 260 से 265 जीरा 255 से 275, मीडियम 265 से 275 बेस्ट 285 से 315, सौंफ मोटी 130 से 145, बेस्ट 185 से 285, एक्सट्रा बेस्ट 340 से 450, बारीक 280 से 350, लौंग चालू 780 से 800, बेस्ट 825 से 840, दालचीनी 255 से 265, जायफल 680 से 715, बेस्ट 720 से 725, जावत्री 2000 से 2050, बड़ी इलायची 1550 से 1850, बेस्ट 1950 से 2050, पत्थरफूल 240 से 425, बाद्यान फूल 475 से 575, बेस्ट 625, शाहजीरा खर 450, ग्रीन 925 से 950, तेजपान 90 से 98, नागकेसर 940 से 965, सौंठ 280 से 340, धोली मूसली 2175 से 2200, हींग 751- 3450, पाउच में 10 ग्राम 3550, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330, 111-50 ग्राम 3050, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 875 से 925, हरी इलायची 2750 से 2875, मीडियम 2925 से 3150, बेस्ट 3250 से 3300, एक्सट्रा बेस्ट 3350 रुपये।

**सूखे मेवे-** काजू डब्ल्यू 240 नंबर 950-960, डब्ल्यू 320 830-860, काजू डब्ल्यू 300 नंबर 800 से 815, काजू जेएच 840850, काजू टुकड़ी 780-830, बादाम इंडिपेंडेट 735 से 765, अमेरिकन 780-800, मोटा दाना 885 से 910 टांच 760 से 780, खसखस चालू 950 से 1200, बेस्ट 1300 से 1500, तरबूज मगज 540 से 560, खारक 85 से 95, मीडियम 115 से 145, बेस्ट 165 से 275, किशमिश कंधारी 350 से 450, बेस्ट 450 से 550, इंडियन 210 से 215, बेस्ट 230-245, चारौली 1850 से 1950, बेस्ट 1950 से 2000, मुनक्का 350 से 550, बेस्ट 850 से 925, अंजीर 975 से 1175 बेस्ट 1275 से 1575, मखाना 1175 से 1375 बेस्ट 1475 से 1675, पिस्ता कंधारी 2150-2200, पिशोरी 2475-2575, नमकीन पिस्ता 875-925, अखरोट 485-600, बेस्ट 725-765 अखरोट गिरी 775-875, बेस्ट 1050-1250, जर्दालू 350 से 450, बेस्ट 550-600 रुपये।

## पामोलिन तेल के बढ़ते आयात और घटती मांग से मंदी जारी

**इंदौर।**

पाम तेल की आवक का दबाव बढ़ने और लेवाल कमजोर होने के कारण भाव में लगातार गिरावट की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को इंदौर में पाम तेल 15 रुपये और घटकर 1185 रुपये प्रति दस किलो रह गया। इधर, सोया तेल में भी उपभोक्ता ग्राहकी की सपोर्ट नहीं मिलने और प्लांटों से सप्लाई लगातार बढ़ने से सोया तेल में मंदी तेजी की स्थिति नहीं बन पा रही है। सोया तेल इंदौर 1130-1135 रुपये प्रति दस किलो बिक रहा है। सूत्रों के अनुसार भारत का पाम ऑयल आयात अप्रैल की तुलना में मई में 84 फीसदी बढ़ा, जो छह महीने के उच्चतम स्तर 592,888 मीट्रिक टन पर पहुंच गया, जिसका कारण कम इन्वेंट्री और सोया तेल और सूरजमुखी तेल के मुकाबले आकर्षक मूल्य निर्धारण था। कुल वनस्पति तेल आयात महीने-दर-महीने 33 फीसदी बढ़कर 1.19 मिलियन टन हो गया, जो दिसंबर के बाद सबसे अधिक है। सोया तेल और सूरजमुखी तेल के आयात में भी मामूली वृद्धि



देखी गई। यह उछाल 2024 की शुरुआत में औसत से कम आयात के बाद आया, जिससे घरेलू स्टॉक जुलाई 2020 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया। पाम ऑयल की कीमत में बढ़त और हाल ही में आयात शुल्क में कटौती के साथ, विश्लेषकों को जून में अधिक आयात और आने वाले महीनों में मजबूत मांग जारी रहने की उम्मीद है। मई में भारत के पाम तेल आयात में महीने-दर-महीने 84 फीसदी की तेज वृद्धि देखी गई, जो 592,888 मीट्रिक टन तक पहुंच गई जो नवंबर 2024 के बाद का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि घरेलू इन्वेंट्री में गिरावट और सोया तेल और सूरजमुखी तेल की तुलना में पाम तेल की बढ़ती कीमत छूट के कारण हुई है, जिससे रिफाइनर खरीद बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। मंडी में सरसों निमाड़ी (बारीक) 6300-6400 रायडा 5600 सोयाबीन 4200 रु. प्रति क्विंटल के भाव रहे।

**लूज तेल-** मूंगफली तेल इंदौर 1340-1360, मुंबई मूंगफली तेल 1375 इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1130-1135 इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1070-1075, इंदौर पाम 1185 मुंबई सोया रिफाइंड 1165 मुंबई पाम तेल 1150 राजकोट तेलिया 2150, गुजरात लूज 1340, कपास्या तेल इंदौर 1170 रुपये प्रति दस किलो।

**प्लांट सोयाबीन भाव-** धानुका सोया नीमच 4325, नीमच प्रोटीन 4350, धीरेंद्र सोया नीमच 4350, एमएस सॉल्वेक्स नीमच 4250, प्रकाश पीथमपुर 4350, सूर्या फूड मंदसौर 4325, हरिओम रिफाइनरी मंदसौर 4325, बैतूल ऑयल 4465, कोरोनेशन ब्यावरा 4275, खंडवा ऑयल 4300, अवी एग्री उज्जैन 4300, विप्पी सोया देवास 4280 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

## स्टॉकिस्टों की बिक्री से खसखस 12 दिन में 20 हजार रुपये घटी

**इंदौर।**

पिछले महीने खसखस में आई तूफानी तेजी के बाद ऊंचे दामों पर इसकी डिमांड पर काफी असर देखने को मिला और बड़ी मात्रा में धन अटकने के कारण कई बड़े सटोरियों और स्टॉकिस्टों की मुनाफावसूली की बिकवाली बाजार में आने लगी है। इस वजह से खसखस के दाम फिर से नीचे की ओर जाने लगे है। खसखस की प्रमुख मंडी जावरा में पिछले 12 दिन में खसखस के दाम करीब 15-20 हजार रुपये तक टूट गए है जो खसखस ऊपर में 170000 रुपये पर पहुंच गई थी वो घटकर 150000 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। मंदी का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि तुर्की की दो नंबर में खसखस आने की चर्चा जोरों पर चल रही है। इधर, इंदौर में भी खसखस में उठाव कमजोर रहने और बिकवाली का दबाव बढ़ने क कारण भाव में मंदी रही। पिछले 10-12 दिन में इंदौर में भी खसखस के दाम करीब 100-150 रुपये प्रति किलो तक टूट गए है। इंदौर में खसखस चालू घटकर 950 से 1200, बेस्ट 1300 से 1500 रुपये प्रति किलो रह गई। नारियल में सीमित पूछताछ रहने और बाजार में स्टॉक सुमग नहीं होने के कारण भाव मजूबती पर टिके हुए है। नारियल की आवक एक गाड़ी की रही। खोपरा गोले की अछत अभी भी बाजार में बनी हुई है जबकि ऊंचे दामों की वजह से डिमांड में कुछ कमी आई है। इसके बावजूद खोपरा गोले के दाम मजबूती पर टिके हुए है। गोले में मंदी की स्थिति कम है क्योंकि बाजार में स्टॉक ही कमजोर बताया जा रहा है।

खोपरा बूरे में कारोबार कमजोर रहने के बावजूद दामों में मंदी के आसार कम है। खोपरा गोला उत्पादक केंद्रों पर बाटकी की भारी किल्लत बनी हुई है जबकि तेल कंपनियों की हर दामों पर लेवाली है जिससे वहां दाम ऊंचे चल रहे है। नारियल 120 भरती 2600-2650, 160 भरती 2900-3000, 200 भरती 3300-3400, 250 भरती 3400-3500।

# विकसित भारत के लिए समर्पित मोदी सरकार- कैलाश विजयवर्गीय

## संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन





ग्वालियर । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा आज विक्टोरिया मार्केट के बाहर, महाराज बाड़ा पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के 11 वर्ष की उपलब्धियों पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन म.प्र. शासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने द्वीप प्रज्जलन कर किया। श्री विजयवर्गीय ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, म.प्र शासन के पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर म.प्र. शासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोगों को गर्व है कि मोदी जी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक प्रगति और सामाजिक प्रगति करते हुए हर क्षेत्र में भारत आज विश्व में एक ताकतवर देश बनता जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्षद्वय अभय चौधरी, कमल माखीजानी, सभापति मनोज तोमर, साडा के पूर्व चेयरमैन जयसिंह कुशवाह, प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, जिला महामंत्री विनय जैन, विनोद शर्मा, राजू पलैया, उदय अग्रवाल, सुमन शर्मा, रविन्द्र सिंह राजपूत, अशोक शर्मा, आशीष प्रताप सिंह राठौड़, राजेश दुबे, शैली शर्मा, राकेश माहौर, राजू सेंगर, व्यंजना मिश्रा, अंजलि रायजादा, बिरजू शिवहरे, सतपाल सिंह जादौन, अमर कुटे, गौरव वाजपेई, धारासिंह सेंगर, हेमंत चौपड़ा, डालचंद वर्मा, भारत शाक्य सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## खास खबर

### श्रमिकों एवं उनके बच्चों के लिये संचालित छात्रवृत्ति योजना के ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू

ग्वालियर / बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिक एवं उनके बच्चों के लिये संचालित है ÷शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना÷ बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिक एवं उनके पुत्र-पुत्रियों के लिए भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ÷शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना÷ संचालित है। मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत श्रमिक एवं उनके बच्चे इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल https://scholarships.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के लिए ओ.टी.आर (One Time Registration) व फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। मौजूदा शैक्षणिक सत्र-2025-26 के लिए ÷शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना÷ के तहत आवेदन भरने की प्रक्रिया 2 जून से शुरू हो चुकी है। आवेदन पत्र की अंतिम तिथि प्री-मैट्रिक विद्यार्थियों के लिये 31 अगस्त एवं पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों के लिये 31 अक्टूबर है। योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर 1000/- से 25000/- स्वीकृत की जाती है। आवेदन की पात्रता व संबंधित अन्य जानकारी व शर्तें नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन कर अपलोड करना होंगे, जो कि स्पष्ट और पठनीय हो। आवेदन करने के पश्चात् अपने शिक्षण संस्थान में संपर्क स्थापित कर आवेदन को स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholarships.gov.in) के माध्यम से ही सत्यापित करवाना होगा। यह भी सलाह दी गई है कि यदि पोर्टल पर प्रदर्शित अन्य विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति, जिसमें अधिक राशि प्रदान की जाती है और आवेदक पात्रता रखते हैं, तो ऐसे पात्र आवेदक संबंधित विभाग की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जबलपुर मुख्यालय के दूरभाष क्रमांक-0761-4039511, 4039510 या e-mail ID wc.jabalpur@rediffmail.com, wcjab@mp.gov.in तथा कल्याण प्रशासक कार्यालय, इन्दौर के दूरभाष क्रमांक-0731-2703530 व e-mail ID - waind@mp.gov.in पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। साथ ही मध्यप्रदेश परिक्षेत्र में संचालित अपने नजदीकी औषधालयों एवं केन्द्रीय चिकित्सालय सागर में व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### ग्वालियर तैराकी संघ के पदक विजेताओं को नगर निगम कमिश्नर ने किया सम्मानित

ग्वालियर तैराकी संघ के जिन प्रतिभाशाली तैराकों ने 53वीं मध्य प्रदेश राज्य तैराकी प्रतियोगिता में पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया, उनका सम्मान नगर निगम कमिश्नर श्री संघ प्रिय ने किया। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त श्री सतपाल सिंह चौहान, पीआरओ श्री मधु सोलापुरकर, सहायक नोडल खेल अधिकारी सुश्री विजेता सिंह चौहान, श्री अयोध्याशरण शर्मा, ग्वालियर तैराकी संघ के कोच श्री प्रमोद दिवाकर, श्री हरेंद्र सिंह चाहर विशेष रूप से उपस्थित रहे। पदक विजेताओं में लम्हा प्रशांत अरजरिया ने बालिका अंडर-17 (ग्रुप-1) में 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत समेत 50 एवं 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में एक-एक कांस्य और 200 मीटर आइएम में एक कांस्य पदक जीतकर कुल चार पदक अपने नाम किए।

# विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के जन्म दिवस के अवसर पर मुरार में फल वितरण किया

## गिरगांव महादेव मंदिर पर अभिषेक सहित महानगर में विभिन्न धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम हुए

ग्वालियर।नगर संवाददाता





ग्वालियर - मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार माननीय श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर के जन्मदिवस के अवसर पर 12 जून को रचनात्मक कार्यक्रम के तहत मुरार के व्यापारी गणो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सयुंक्त रुप से अग्रसेन चौराहा मुरार ग्वालियर पर प्रातः 8ः00 बजे आम जनमानस एवं मजदूरों को फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष मुकेश दुबे, कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र गुप्ता एवं सहसंयोजक पंकज पाठक, गौरव जैन, नवल गुप्ता, अमरीश शर्मा, सन्नी दंडोतिया, ध्रुव बघेल ,भंडारी सेजवार आदि के नेतृत्व में किया गया । गिरगांव महादेव मंदिर ग्राम गिरगांव पर देर रात्रि 11ः00 बजे से 1ः00 बजे तक रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित रामनिवास शर्मा जी द्वारा कराया गया जहां भगवान महादेव को दूध पंचामृत एवं गंगाजल से अभिषेक करा कर विधिवत पूजा की गई । रात्रि अभिषेक कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक जैन, कार्यक्रम के संयोजक अमरीश शर्मा एवं सह संयोजक अखंड अग्रवाल, पंकज पाठक राम रूप सिंह गुर्जर गिरगांव गौरव जैन, नवल गुप्ता, सन्नी दंडोतिया, बबलू शर्मा प्रदीप सिंह परिहार आकाश गुप्ता राहुल जैन सुमित मौर्या नरेंद्र पाल आशीष जैन ध्रुव बघेल ,भंडारी सेजवार राम गुर्जर गिरगांव पूजा कार्यक्रम में शामिल रहे ।

# ग्वालियर सेवाभाव समिति एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ने भंडारे का आयोजन



ग्वालियर। ग्वालियर सेवाभाव समिति एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ने आज जयारोग्य चिकित्सालय परिसर में भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर रामू विशेष रूप से उपस्थित थे। ग्वालियर सेवाभाव समिति के अध्यक्ष रमेश गोयल लल्ला एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष इंजी. एस.के. गुप्ता ने बताया कि जयारोग्य चिकित्सालय परिसर में प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण मरीजों के अटेंडरों को किया जाता है। आज का विशेष दिन म.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के जन्मदिन पर विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। लगभग 600 अटेंडरों ने भोजन प्राप्त किया और वरिष्ठ नागरिक संस्थान के एक सैकड़ा से अधिक कायकर्ता सक्रिय रूप से कार्यरत थे और भंडारे में शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विवेक शर्मा, कैट के संभागीय अध्यक्ष दीपक पमनानी, राहुल अग्रवाल, डॉ. सौरभ खंडेलवाल, वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के संयुक्त अध्यक्ष डॉ. मुकेश जैन, रमेश पटेल, रघुनाथ तोमर, गोपाल सिंह कुशवाह, वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के सचिव एम.के. जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# निःशुल्क कोचिंग क्लास के सुखद परिणाम सामने आए

ग्वालियर।नगर संवाददाता

ग्वालियर में संचालित निशुल्क कोचिंग में तैयारी कर एक अभ्यर्थी ने यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा और एक अभ्यर्थी द्वारा जीपीएससी मुख्य परीक्षा की क्लियर ग्वालियर, जिला प्रशासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को यूपीएससी एवं एमपीपीएससी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए संचालित निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क कराई जा रही है, ग्वालियर में संचालित निःशुल्क कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र सतीश परिहार पुत्र राकेश परिहार ग्राम अजयगढ़ डबरा ग्वालियर यूपीएसी प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुए हैं एवं कृष्णपाल सिंह जादौन पुत्र योगेन्द्र सिंह जादौन ग्राम सलाई तहसील सबलगढ़ मुरैना ने झारखंड लोकसेवा आयोग की मुख्य परीक्षा में सफल हुए हैं। विदित हो की ग्वालियर कलेक्टर की पहल पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है। यहां सुबह 8 से 11बजे के बीच क्लास संचालित की जाती हैं जिसमें जिले के अधिकारी अपना अनुभव एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ।यहां संचालित क्लास पूरे तरीके से डिजिटल है तथा कक्षा में एसी लगे हुए हैं। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान के मार्गदर्शन में सिलेबस आधारित समय सीमा में चल रही निःशुल्क कोचिंग क्लासेस अभ्यर्थियों का सही दिशा में मार्गदर्शन कर रही है। कोचिंग के शिक्षकों के कुशल अध्यापन एवं परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम की बदौलत एक को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के लिए चयन हुआ है। एक अभ्यर्थी का झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में साक्षात्कार के लिए चयन हुआ है यह चयन होना कोचिंग की एक अच्छी उपलब्धि है।

# वीरेंद्र कुमार मध्यप्रदेश पैरामेडिकल एम्प्लॉयज एसोसिएशन के नए जिलाध्यक्ष



ग्वालियर।नगर संवाददाता

### सात साल से बिखरे संगठन को मुख्यधारा में लाने की तैयारी

ग्वालियर। जयारोग्य चिकित्सालय समूह परिसर में गुरुवार को मध्यप्रदेश पैरामेडिकल एम्प्लॉयज एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग सात वर्षों से बिखरे हुए संगठन को मुख्यधारा में लाने के लिए सहमति बनी। इस मौके पर न्यूरोसर्जरी विभाग के वीरेन्द्र कुमार जोनकमल को नए जिलाध्यक्ष बनाने के लिए वरिष्ठ टेक्नोलॉजी रेडियो सुनिल हिरवे व न्यूरोसर्जरी टेक्नोलॉजिस्ट दिनेश राठौर ने प्रस्ताव रखा। जिस पर वरिष्ठ टेक्नोलॉजिस्ट गोपाल भोसले और सज्जन सिंह ने अनुमोदन करते हुए सर्वसम्मति से वीरेंद्र कुमार को जिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। नवनियुक्त अध्यक्ष ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि अगले 10 दिन में अपनी कार्यकारिणी की घोषित कर संगठन हित में काम करूंगा। इस अवसर पर ज्ञानसिंह मोरे, राजेन्द्र प्रसाद कोरी, संजय वास्केल, राजेन्द्र कलचिया, चंचल कुशवाहा, जयंत, अनिल कुमार, फोबिया हाशमी, दिलीप डेटवाल, नीरज रजक सहित सभी विभागों के टेक्नीशियन एवं पैरामेडिकल लोग उपस्थित रहे।

# राकेश सहरिया राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ के विधि सलाहकार नियुक्त

ग्वालियर।नगर संवाददाता



ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद सदस्य राकेश सहरिया को जनजातीय प्रकोष्ठ कार्यालय, राजभवन सचिवालय में विधि सलाहकार नियुक्त किया गया है। गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के उप सचिव अजय कटेसरिया ने राकेश सहरिया को कार्यभार ग्रहण करने से विधि सलाहकार बनाने का आदेश जारी किया।

# जल निकासी की सूचना व चेतावनी प्रणाली पुख्ता हो: संभागीय आयुक्त खत्री

## SÂC आंकलन हो कि कितना पानी छोड़ने से कौन-कौन से गाँव कितने प्रभावित होंगे

ग्वालियर।नगर संवाददाता

### आपदा प्रबंधन कार्ययोजना के अनुसार रिहर्सल करने के भी दिए गए निर्देश





ग्वालियर बाँधों व जलाशयों से जल निकासी की सूचना एवं चेतावनी प्रणाली पुख्ता हो। साथ ही जल संसाधन विभाग के सभी अधिकारी जिला प्रशासन व पुलिस के साथ सतत एवं बेहतर कम्युनिकेशन (संवाद) बनाए रखें, जिससे पानी निकासी संबंधी सूचनायें जल्द से जल्द जमीनी स्तर तक पहुँच सकें। इसमें कोई ढ़िलाई न हो। इस आशय के निर्देश संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने ग्वालियर - चंबल संभाग की सिंचाई परियोजनाओं से डाउन स्ट्रीम में जल निकासी की सूचना एवं चेतावनी प्रणाली तंत्र तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित हुई संभाग स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में दिए। संभाग आयुक्त श्री खत्री ने दोनों संभागों के जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों से भी कहा कि वे बरसात को ध्यान में रखकर बनाई गई आपदा प्रबंधन कार्ययोजना के आधार पर जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद पहुँचाई जा सके। इसके लिये अगले 10 दिन के भीतर अभ्यास कर लें। कार्ययोजना में शामिल कॉन्टेक्ट नम्बर पर अभ्यास के दौरान अवश्य संपर्क किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नदियों व जलाशयों के किनारे होने वाले धार्मिक आयोजनों व मेलों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। जल स्तर बढ़ने पर श्रद्धालुओं को सचेत करने की प्रणाली मजबूत हो। साथ ही सभी रक्षोपाय भी किए जाएं। गुरुवार को संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना, ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह व मुख्य अभियंता जल संसाधन श्री एस के वर्मा सहित जल संसाधन विभाग व होमगार्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। ग्वालियर व चंबल संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व जल संसाधन विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बात का स्पष्ट आंकलन हो कि कितना पानी छोड़ने से कौन-कौन से क्षेत्र किस स्तर तक प्रभावित होंगे, जिससे राहत व बचाव के पहले से ही पुख्ता इंतजाम किए जा सकें। उन्होंने कहा कि कल्वर्ट व पुल-पुलियों से पानी छोड़ने की जानकारी देने के लिये अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही जल संसाधन विभाग के दोनों संभागों के सभी जिलों के अधिकारी अपने-अपने जिले के बाँधों व जलाशयों के कैचमेंट एरिया पर बरसात के दौरान विशेष निगाह रखें और इसकी जानकारी प्रशासन व पुलिस से साझा करते रहें। पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना ने कहा कि जल भराव से संबंधित कोई भी प्वॉइंट मिले, उस पर तत्काल कार्रवाई हो। साथ ही बरसात के दौरान जिन रपटों व पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहता है वहाँ से लोगों का आवागमन न हो। इसके लिये पुख्ता व्यवस्था की जाए। ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ग्वालियर जिले में बरसात के दौरान जल भराव व संभावित बाढ़ को ध्यान में रखकर बनाई गई आपदा प्रबंधन कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभवों के आधार पर हरसी व भितरवार क्षेत्र के 23 गाँवों सहित जिले के अन्य गाँवो को चिन्हित कर लिया गया है। यहाँ पर विशेष दल तैनात किए जायेंगे। उन्होंने कहा जिले का बाढ़ नियंत्रण कक्ष भी जल्द ही शुरू हो जायेगा।

# बिजली उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने सुनी समस्याएं

ग्वालियर।नगर संवाददाता





ग्वालियर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार सुबह 4 बजे भोपाल एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुंचते ही एक्शन में नजर आए। उन्होंने रेलवे स्टेशन से महाराजपुरा विद्युत वितरण केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया तथा एफओसी के तहत दर्ज विद्युत शिकायतों का, उपभोक्ताओं से सीधे फोन पर बात कर निराकरण किया। श्री तोमर ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में बेवजह का विद्युत अवरोध नहीं होना चाहिए। यथासंभव उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चितकी जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के साथ मुख्य अभियंता श्री अमित श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता श्रीनितिन मांगलिक, कार्यपालन अभियंता श्रीनिवास यादव के अलावा अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने महाराजपुरा विद्युत वितरण केन्द्र का निरीक्षण करने के उपरांत ग्वालियर के गोवर्धन कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी, दीनदयाल नगर, शताब्दीपुरम सहित कई इलाकों में जाकर नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और सुधार के लिये तत्काल निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी खामियां समयबद्ध रूप से दुरुस्त की जाएँ, ताकि नागरिकों को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा उपलब्ध हो सके। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस दौरान उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर विद्युत समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निराकरण किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पंखे कूलर और एसी का उपयोग आवश्यक है, लेकिन ऐसा कोई कार्य ना करेंजिससे बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान आए। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से कहा कि वह ऊर्जा विभाग का सहयोग करें। सामने आ रही बिजली की समस्या के निदान के लिए यह सेवक और पूरा ऊर्जा विभाग मैदान में है। बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार से बचने का तरीका यह है कि उपभोक्ता अपनी घरेलू बिजली का लोड बढ़वाएं तथा वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है, मध्यप्रदेश में बिजली सरप्लस है, लेकिन तकनीकी समस्याएं बढ़ रही हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक अमरशंकर भारती के लिये मुद्रक शफीक खान द्वारा अपैक्स कम्प्यूटर एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स रॉक्सी रोड लश्कर ग्वालियर से मुद्रित एवं भारती विहार रामगढ़, डबरा जिला-ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक अमरशंकर भारती Mob. 9826187577, सह संपादक अशोक उपाध्याय मो. 9685089260, R.N.I. No. MPHIN/2011/38456 e-mail : nayakpathnews@gmail.com *समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा)